हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025






# शिवालयों में पूजा-अर्चना, बरसते पानी के बीच निकली महाकाल की पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सावन के दूसरे सोमवार को अंचल में शिवभक्ति का माहौल रहा। मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का महाभिषेक किया गया। अंचल के शिवालयों में ओम नमः शिवाय की गूंज रही। इस मौके पर सुबह से भक्त पूजा की थाल लिए मंदिरों में पहुंचते रहे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का महाभिषेक किया गया।



शहर के मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, मोतीनाथ मंदिर, शिव मंदिर भरकापारा, भोलेनाथ मंदिर मोहारा, नया बस स्टैंड रोड बल्देवबाग शिव मंदिर, शिव मंदिर बांसपाईपारा, महाकाल मंदिर रानीसागर तट, महाकाल मंदिर सिंघेला सहित अन्य मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही।



## महाकाल की पालकी में थिरके भक्त

शहर के बसंतपुर क्लब चौक से बाबा महाकाल की भव्य पालकी निकाली गई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधि-विधान से महाकाल की पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात यहां से महाकाल की पालकी प्रारंभ हुई। बाजे-गाजे एवं पारंपरिक लोक नृत्य के साथ निकली इस पालकी का महामाया चौक, कमला कॉलेज चौक सहित अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत-सत्कार एवं पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर अखाड़ा का प्रदर्शन भी किया गया। वहीं बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर झांझ-मजीरा के साथ माहौल को भक्तिमय बनाते रहे। पालकी के दौरान भगवान महाकाल की भव्य झांकी भी शामिल किया गया था। दिनभर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भक्ति का माहौल निर्मित रहा।

## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** पीड़िता से छेड़छाड़ कर गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जून को दिग्विजय कॉलेज के पास दोसा कार्नर के पीछे अपनी सहेली के साथ खड़ी थी, तभी आरोपी सतीश मरकाम आया और पीड़िता को बेईज्जत करने की नीयत से छेड़छाड़ कर अश्लील गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी दिया है।

रिपोर्ट पर धारा 74, 118(1) 296, 351(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना के बाद से फरार था। थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में फरार आरोपी की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने टीम तैयार किया गया था। गठित टीम द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी सतीश मरकाम को 21 जुलाई को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

### पिता को करता था परेशान, गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** शराब पीकर आए दिन वाद-विवाद लड़ाई-झगड़ा कर पिता को परेशान करने वाले पुत्र पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रामप्रसाद वर्मा पुलिस चौकी मोहारा में आकर लिखित आवेदन पेश किया कि उनका पुत्र संतोष वर्मा 28 वर्ष आए दिन शराब पीकर, घर आकर वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा करता रहता है, जिस संबंध में मोहारा पुलिस द्वारा अनावेदक को समझाने का प्रयास किया गया। अनावेदक द्वारा नहीं समझने पर धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया।

### माए एंगल




### देर रात तक चली मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट की मतगणना प्रक्रिया

# ट्रस्ट चुनाव: सेवा दल के संरक्षक और आजीवन श्रेणी में 5-5 सदस्य विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव-डोंगरगढ़

## पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल दोबारा जीते, उनके पैनल का दबदबा





डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के चुनाव की मतगणना प्रक्रिया सोमवार को पूरी की गई। सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना में सेवादल पैनल का एकतरफा दबदबा देखने को मिला। देर शाम तक सामने आए परिणामों के अनुसार सेवा दल के संरक्षक श्रेणी में पांच एवं अजीवन श्रेणी में पांच सदस्यों ने जीत हासिल की है। जिसके चलते एक बार फिर सेवादल श्रेणी से नया अध्यक्ष बनना तय हो गया है।

वहीं वर्तमान अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने भी दोबारा जीत हासिल कर ली है। उन्होंने संरक्षक श्रेणी में सर्वाधिक वोट हासिल किए। इधर देर रात तक साधारण श्रेणी की मतगणना चलती रही। सामने आए अंतिम आंकड़ों के अनुसार साधारण श्रेणी में भी इस पैनल के दो प्रत्याशियों ने बढ़त बनाई हुई थी।

उल्लेखनीय है कि दो जुलाई से ट्रस्ट चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिसके तहत मतदान की प्रक्रिया रविवार को पूरी की गई थी। लगभग तीन हजार मतदाताओं वाले ट्रस्ट में ऐतिहासिक 93 फीसदी मतदान होने से शहर में भी चुनाव को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई थी। यही कारण है कि सोमवार को मतगणना स्थल में प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही लोगों की भीड़ जमा थी। पुलिस प्रशासन की तगड़ी मोर्चाबंदी के बीच चुनाव अधिकारियों ने मतगणना की प्रक्रिया पूरी की। सबसे पहले संरक्षक श्रेणी के लिए किए गए मतदान की गिनती हुई। जिसके बाद अजीवन श्रेणी और अंत में शाम छह बजे से साधारण श्रेणी के प्रत्याशियों को मिले मतों की गिनती की गई।

### ट्रस्टी चुनेंगे नया अध्यक्ष

ट्रस्ट के नियम अनुसार मतदान के तहत चुने गए पंद्रह नए सदस्य अब ट्रस्ट का नया अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। अध्यक्ष बनने के लिए 15 में से 8 मत हासिल करने होते हैं। संरक्षक एवं आजीवन श्रेणी की 12 में से दस सीटें जीतकर सेवादल ने यह सुनिश्चित कर लिया है कि नया अध्यक्ष उनके ही पैनल से होगा।

### आजीवन श्रेणी में सभी पांच सेवादल के

संरक्षक श्रेणी के बाद सर्वाधिक पांच ट्रस्ट मेंबर आजीवन श्रेणी से चुने जाते हैं। इस बार यह सभी पांच सदस्य सेवादल के चुने गए हैं। इनमें सर्वाधिक वोट संजय श्रीवास्तव 542, पीतांबर स्वामी 521, प्रकाश बिंदल 494, चंद्रप्रकाश मिश्रा 482 और महेंद्र परिहार 444 शामिल हैं। वहीं चुनाव हारने वालों में रघुवर अग्रवाल 361, संजय यादव 296, क्रांति टम्मी नामदेव 226, देवेंद्र मिश्रा 176, सोनकुमार सिन्हा 161 एवं महेंद्र अग्रवाल ने 124 वोट हासिल किए।

### सात संरक्षक में सेवादल के पांच

पंद्रह ट्रस्ट सदस्यों के लिए कराए गए चुनाव में कुल सात संरक्षक श्रेणी से चुने जाने थे। इन सात में से पांच सेवादल के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। वहीं भैय्याजी पैनल के दो प्रत्याशी जीते। सेवादल पैनल से मनोज अग्रवाल 317, नीतीन हरिप्रसाद 300, अनिल गट्टानी 285, योगेश अग्रवाल 261, महेन्द्र भाई पटेल 254 वोट पाकर जीत दर्ज कराई। भैय्याजी पेनल से हरीश भंडारी 243, नारायण अग्रवाल 229 वोट पाकर विजय रहे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्वागत

# राष्ट्र भक्ति के साथ निकाली कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सावन के द्वितीय सोमवार को शहर के बागेश्वर धाम मंदिर द्वारा मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से शिव भक्ति के साथ राष्ट्र भक्ति पर आधारित कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस कांवड़ यात्रा का शहर के नंदई चौक में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शहर के मोहारा से सुबह कांवड़ में जल लेकर सैकड़ों कांवड़िये शिवालयों में पहुंचने निकले। इस दौरान नंदई चौक पर कांवड़ यात्रा का स्वागत करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भगवान भोलेनाथ के साथ राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत निकली इस कांवड़ यात्रा को अपनी शुभकामना संदेश देते विधानसभा अध्यक्ष ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की और झांझर बजाया। कांवड़ यात्रा में महिला, पुरूष और बच्चों की अद्भुत संख्या देखकर विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों के भक्ति भावना की सराहना की। इस कांवड़ यात्रा में राष्ट्र भक्ति पर आधारित झांकी भी बनाई गई थी। कांवड़ यात्रा का स्वागत करने महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पार्षद शैंकी बग्गा, शिव वर्मा, रवि सिन्हा, गोलू गुप्ता, राजेश श्यामकर, आकाश चोपड़ा, विजय राय सहित बड़ी संख्या में अन्य शामिल हुए।

### एकता, भाईचारा और शांति की कामना

कांवड़ यात्रा का स्वागत करने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह राजनांदगांव की अद्भुत परंपरा है। आज सभी देवालयों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। बाबा भोलेनाथ देवों के देव हैं, जिनका ना आदि है और न अंत है और ना प्रारंभ है। इस अवसर पर उन्होंने सावन सोमवार की शुभकामनाएं देते बोल बम का नारा लगाकर कहा कि राजनांदगांव की एकता, भाईचारा, प्रेम, शांति और विकास के लिए हम बाबा से प्रार्थना करते हैं। सब पर भोलेनाथ की कृपा बनी रहे।

# अशांति फैलाने वाले तीन आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अशांति फैलाने के तीन लोगों के खिलाफ चिखली चौकी पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 21 जुलाई को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर अनावेदक सागर वाहने 34 साल साकिन वार्ड नं. 6, सूरज वाहने 27 साल साकिन झोपड़पट्टी चिखली शासकीय प्रेस के बगल में, जयपाल कामड़े 43 साकिन शांतिनगर शंकरपुर वार्ड नं. 10 उपरोक्त अनावेदकों को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर सागर एवं सूरज को जेल दाखिल किया गया।

# शराब पीने पैसे मांगे, रास्ता रोककर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

रास्ता रोककर प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करते गाली-गलौज कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 19 जुलाई को चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जुलाई को जब वह अपने घर बजरंगपुर नवागांव से मोतीपुर कपड़ा प्रेस कराने गया था, जहां से वापस अपनी साइकिल से घर आ रहा था कि मोतीपुर तालाब के पास शंकरपुर का रहने वाला शंकर नायक एवं बंटी नायक अपने साथी के साथ प्रार्थी का रास्ता रोककर डरा-धमका कर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रुपए-पैसों की मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा मना करने पर सभी एक राय होकर मां-बहन की अश्लील गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से प्रार्थी के साथ मारपीट किए हैं। रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 126(2), 119(1), 115(2), 296, 351(3), 3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### दो आरोपियों को पकड़ा



इस मामले में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा चौकी चिखली प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी कर शंकरपुर में दबिश देकर आरोपियों को घेराबंदी कर आरोपी बंटी नायक 37 साल एवं शंकर नायक 42 साल दोनों निवासी शंकरपुर उडिया कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु गुंडा, बदमाशों, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# जिम ट्रेनर ने अपने कमरे में लगाई फांसी मौत का कारण पता करने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शहर के दिग्विजय स्टेडियम समीप स्थित एक जिम में ट्रेनर का काम करने वाले युवक ने रविवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। धमतरी का रहने वाला मृतक युवक पिछले तीन सालों से राजनांदगांव में रहकर ट्रेनिंग देने का काम कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मौके से कोई सुसाईड नोट नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस की टीम ने प्रेम-प्रसंग सहित अन्य एंगल से जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय युवक शुभम रजक धमतरी शहर का रहने वाला है। वह पिछले तीन साल से शहर के दिग्विजय स्टेडिमय समीप स्थित द प्राईम फिटनेस जिम में बतौर ट्रेनर कार्यरत था। शुभम - इलाके में किराये के मकान में अपने ममेरे भाई के साथ रहता था। रविवार देर रात उसने अपने की कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। इस मामले की जानकारी तब मिली, जब मृतक का ममेरा भाई उसके कमरे में गया। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद बसंतपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल में अपनी जांच कार्रवाई को पूरा किया। बताया गया कि मृतक किराए पर रहता था, जिस समय उसने फांसी लगाई, उस वक्त घर पर उसके अलावा कोई नहीं था।

### सीडीआर से खुलेगा राज

मौके से कोई सुसाईडल नोट पुलिस को हासिल नहीं हुआ है। ऐसे में मामले में मौत का कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के फोन का सीडीआर निकाला जा रहा है। जिसके आधार पर लोगों से पूछताछ की जाएगी। हालांकि शुरूआती दौर में मृतक के भाई और उनके कुछ दोस्तों से पुलिस ने बातचीत की है। पुलिस सूत्रों की माने तो प्रथम दृष्टया मामले का प्रेम-प्रसंग से जुड़ा होना बताया जा रहा है।

### लगातार बढ़ रहे मामले

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में युवाओं द्वारा आत्महत्या करने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। छोटी-छोटी बात पर युवा अपनी जान देने से नहीं कतरा रहे हैं। आत्महत्या की रोकथाम के लिए कुछ प्रयास जरूर किए जाते है, लेकिन इसमें कमी लाने के लिए बड़े स्तर पर पहल की जरूरत है। पुलिस के साथ ही समाजसेवी संस्थाओं को भी इस दिशा में सकारात्मक परिणाम के लिए काम करने आगे आना चाहिए।









## खबर संक्षेप

### एक ही रात में तीन घरों से चोरी

**सड़क अतरिया।** गंड़ई थाना अंतर्गत ग्राम चकनार में रविवार- सोमवार की दरम्यानी रात को अज्ञात चोर ने तीन घर में घुस कर लगभग तीस हजार नकद सहित अन्य सामान पार कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार पंचायत भवन समीप निवासी भुवन पटेल, भुखिन बाई एवं भीषम साहू के घरों में चोरी की घटना हुई है। ग्रामीण रोज की तरह भोजन कर सो गए थे। सुबह उठ कर देखा तो कमरे का समान अस्त व्यस्त था। तीनों घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया था। घर का सामान अस्त व्यस्त तथा कुछ सामान अन्य जगह पड़ा मिला। सुबह मोहल्ला वासियों को आवाज देने पर उन्होंने बाहर से बंद दरवाजा को खोला। तीनों घर से अज्ञात चोरों ने लगभग तीस हजार एवं अन्य सामान पार किया है। प्रार्थियों ने गंड़ई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। गांव के विशम्भर पटेल, हेमंत पटेल, लालचंद ने बताया कि लगभग एक दशक तक गांव में चोरी का मामला सामने नहीं आया था। इस बार एक साथ तीन घरों में चोरी की वारदात से ग्रामीण भयभीत है।



### संविदा शिक्षकों ने दिया धरना

**मानपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के मार्गदर्शन, दुर्ग संभाग अध्यक्ष नवी मोजेश के निर्देशन और जिला अध्यक्ष मयूर एस नरांजे, उपाध्यक्ष श्रद्धा गजभिए के नेतृत्व में आयोजित धरना में संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए। धरना के दौरान दो सूत्रीय मांगों को उठाया गया जिसमें नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण शामिल है। शिक्षकों ने बताया कि वह कई वर्षों से पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो वेतनमान मिल रहा है और न ही वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ मिल रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग में संविलियन एवं नियमितीकरण की मांग रखा है। संघ ने घोषणा किया है कि समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी एक अगस्त से रायपुर में प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना में नेहा जोशी, यदेश्वर लोधी, मोनिका मंडावी, अनुरूपता लकड़ा, पीडी निक्की, अमित सोनी, अंजली शर्मा, शशिकला यादव, सरिता देवांगन सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी नेमांगे पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने की बात कहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अपील की है कि शिक्षकों की न्यायसंगत मांगों पर संवेदनशील होकर विचार कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए।




### विद्यालय में बाल कैबिनेट गठित

**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला बीरूटोला में बीते दिवस बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान पाठक अखिलेशचन्द्र वैष्णव, शिक्षक बद्रीराम, परसराम यादव, बबिता जोशी के निर्देशन में चुनाव संपन्न हुआ। पीठासीन अधिकारी बद्रीराम एवं चुनाव अधिकारी बबिता जोशी ने प्रजातांत्रिक तरीके से चुनाव कराया। जिसमें प्रधानमंत्री रितेश वर्मा, उप प्रधानमंत्री अंश कुमार, शिक्षा मंत्री प्रियंका विश्वकर्मा, उप शिक्षा मंत्री शिवानी यादव, खेल मंत्री मनीष कुमार, वन मंत्री तान्या, स्वास्थ मंत्री वीरांगना जंघेल, चंचल वर्मा, सांस्कृतिक मंत्री अम्बिका वर्मा को बनाया गया। छठवीं में कक्षा नायक भावना यादव, नीलम कंवर, सातवीं में कामिनी निषाद, विकास वर्मा, आठवीं में चंद्रिका निषाद, भवानी वर्मा को चुना गया।



### सावन उत्सव का आयोजन

**डोंगरगढ़।** शक्ति वाहिनी ने सावन का आयोजन उत्सव रेलवे इंस्टिट्यूट में किया। सर्वप्रथम मां भारती एवं शिव जी की आरती किया गया। तत्पश्चात महिलाओं के लिए 1 मिनट गेम शो एवं कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में वंदना सोनी प्रथम, ईंदू यादव दूसरे स्थान पर रही। एक 1 मिनट गेम शो में अंजू सिंह प्रथम एवं कंचन निगम दूसरे स्थान पर रही। रीना साहू, अंजू चौधरी, हर्षा देवांगन, पूजा उजवने, प्रीति गौतेल, सुनीता बघेल, गुलशन खांडेकर, शारदा अग्रवाल, नम्रता सिसोदिया ने गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि रेलवे के ऐडीईएन की धर्मपत्नी कीर्ति यादव थी। कार्यक्रम में वैशाली देशकर, कीर्ति बड़े, ज्योति बड़वाईक, अचला ठाकुर, अनुपमा मुनेश कुमार, गोमती बघेल, मंजू बघेल, हर्षा देवांगन, रीना साहू, संजू अग्रवाल, निर्मला साहू, सविता साहू, नवनीत कौर, वंदना सोनी, सीता शर्मा, श्रद्धा अग्रवाल, सुनीता बघेल, प्रीति गौतेल, ज्योति गौतेल, अंजू चौधरी, शारदा अग्रवाल, नमिता चौबे, नम्रता सिसोदिया, वंदना सिसोदिया, नीता तराने, कृष्णा शर्मा, संतोषी यादव, सीमा मिश्रा, पूजा सिंह, इंदु यादव, पूनम ठाकुर, सपना सिन्हा, उत्तरा चौरसिया, प्रीति पाल, कविता मोटघरे, कंचन निगम, अंजलि मजवार, सौम्या भारद्वाज, मधु महोबिया, अंजू सिंह, यामिनी साहू, अनिता सिंह, पूजा उजवने, धनश्री गिरधर, कविता नामदेव सहित अन्य शामिल थी।



### नर्मदा मंदिर में हुआ रूद्र महाभिषेक

**सड़क अतरिया।** सावन के दूसरे सोमवार को मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में महा रुद्राभिषेक एवं अनुष्ठान का आयोजन किया गया।क्षेत्र के लोगों ने आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट किया। यह आयोजन लोक कल्याण, विश्व शांति तथा क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि के लिए किया गया था। आयोजन अंतर्गत भगवान शंकर का वैदिक रीति से अभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। वैदिक विधि विधान से रुद्राभिषेक संपन्न कराने के लिए आचार्य पं. सूरज उपाध्याय, वैदिक ब्राह्मण पं. विकेश दुबे, पं. रविंद्र तिवारी तथा मंदिर के पुजारी पं. कोमल दुबे की सहभागिता रही। अभिषेक में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या सहभागी बन कर शिव का जयकारा लगाया। महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।



## 23 गांवों के किसानों ने दिखाई एकता

# डीएपी और यूरिया की मांग को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खेती किसानी के दौर में डीएपी और यूरिया संकट से जुझ रहे सैकड़ो किसानो ने आज नए अस्पताल के पास चक्काजाम कर दिया। नाराज किसानो ने इस दौरान जय जवान जय किसान की जमकर नारेबाजी की। किसानो का साफ तौर पर कहना था कि इस क्षेत्र में पांच ट्रक यूरिया आना था लेकिन मंडी में सिर्फ आधा ट्रक यूरिया ही पहुंचा। जिसे लेकर किसान उद्वेलित होने लगे और देखते ही देखते किसानों की भीड़ उमड़ने लगी। आधा ट्रक यूरिया की सप्लाई को देखककर कोहलाटोला, कानीमेरा, गोपालपुर, झुरानदी, बघमरा, लक्ष्मणपुर, भांठापारा, महराटोला, भोरमपुर, कोंडका, सिलपट्टी, श्यामपुर, बीरूटोला सहित लगभग 23 ग्रामों के किसान चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कुछ नेताओं ने अपनी सक्रियता दिखाने की कोशिश की लेकिन किसानो ने उन्हें भी खरी खोटी सुनाई।

**नगर में ऊंचे दाम पर बिक रही खाद**



### निजी दुकानो में पर्याप्त भंडारण

किसानों ने बताया कि छेत्र के कृषि दुकानों ने खुलेआम लुट की शिकायत है वहां पर उच्च दरों पर डी ए पी और यूरिया बेचने की शिकायत है। किसानो ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्रवाही नही की। किसानो ने कुछ दुकानदारो के गोदामों की जानकारी भी दी जहां बड़े पैमाने पर खाद रखी हुई है।

### आश्वासन के बाद माने नाराज किसान

चक्काजाम को खत्म करने के लिए तहसीलदार मोक्षदा देवांगन किसानों को मनाने का प्रयास करती रही लेकिन किसान उच्च अधिकारियों से बात करने की मांग करने लगे । जिसे लेकर चक्काजाम को एक घंटे हो गए यात्री परेशान होने लगे और दोनों तरफ गाड़ियों का रेला लग गया । लगभग चार से पांच सौ के करीब किसान नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग करते रहे। उसके बाद जिला कृषि विस्तार अधिकारी राजकुमार सोलंकी पहुंचे। तहसीलदार मोक्षदा देवांगन और पुलिस थाना प्रभारी जितेंद्र बंजारे सहित कृषि विभाग के अधिकारियों ने कल तक यूरिया की आपूर्ति करने का वादा दिलाया तब जाकर किसानों ने रास्ता को खोला।

# वाहनों की तेज गति होने से बढ़ रहे हादसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

क्षेत्र में तेज गति से वाहन चलते रहते है। वाहनों के कारण आए दिन हादसे भी हो रहे है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी मौन है। खड़गांव मानपुर मार्ग पर गायों का डेरा जमा रहता है जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है साथ ही दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

इस मार्ग पर भारी वाहन नियमों का उल्लघंन करते हुए चलते है जिसके कारण गौ माताओं की मौत हो रही है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों में अज्ञात वाहन द्वारा पांच से सात पशुओं को कुचल दिया गया। इसी प्रकार 20 जुलाई को अज्ञात वाहन ने एक गाय को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। 21 जुलाई को खडगांव क्षेत्र में गैस से भरा वाहन पलट गया। इस हादसे में चालक को मामूली चोट लगी है।

### पनप रही नाराजगी

आमजनों का कहना है कि अधिकारी द्वारा सांठगांठ कर वाहनों चालकों को छूट दिया जा रहा है जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ रहा है। व्यापारी संघ के तोमन साहू ने बताया कि हादसों से पशुओं की मौत होने के बाद भी अधिकारी मौन बैठे तमाशा देख रहे हैं। इसी प्रकार पंचायत भी अपनी जिम्मेदारी निभाने के नाम पर खानापूर्ति कर रही है।

### कामिनी का प्रयास विद्यालय में चयन

**मुरमुंदा।** पूर्व माध्यमिक शाला पटपर की छात्रा कामिनी मंडावी का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। उसकी सफलता से शाला एवं संकुल परिवार मे खुशी की लहर है। छात्रा को संकुल प्राचार्य राजकुमारी जैन, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, प्रधानपाठक पंचराम साहू, शिक्षिका जीरामणी टोप्पो आदि ने बधाई दी है।



# छात्र के पत्र से खुली अंग्रेजी स्कूल के सिस्टम की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा मुहैया कराने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में आत्मानंद स्कूल की स्थापना की गई। इस स्कूल मे हिन्दी सहित अंग्रेजी माध्यम से पढाई होती है। अंग्रेजी में छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए उन टीचरों का सलेक्शन किया जाता है जो स्वयं अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त किए हो,परन्तु आज स्कूल मे अंग्रेजी का असर दिखाई नहीं दे रहा है।

जानकारी के अनुसार स्कूल के वाशरूम की हालत बदबूदार है। बाशरूम की हालत अधिकारियो को कटघरे में खड़े कर रही है। स्कूल के बदहाल सिस्टम को लेकर एक छात्र ने पत्र वायरल किया है। पत्र में बताया गया है कि 2022-23 में हाईस्कूल के छात्रों से प्रति छात्र सौ रूपए सफाई, वाशरूम, पेयजल आदि के लिए बिना रसीद के लिया गया था। छात्र ने टूटी फूटी भाषा मे अपनी वेदना और स्कूल प्रबंधन की तानाशाही को सामने लाने का प्रयास किया। उसके अनुसार स्कूल प्रबंधन, क्लास टीचरों के रकम वसूलने के लिए परीक्षा में दिए जाने वाले अंक को आड़ बनाया ताकि वसूली लक्ष्य हासिल किया जा सके।



### कहां खर्च किया गया राशि

सवाल यह है कि कितने छात्रों ने राशि अदा किया और प्रबंधन ने कितनी रकम स्कूल की दशा सुधारने मे खर्च किया? कुछ दिनों में वाशरूम, कक्षाओं और अन्य गतिविधियों में खर्चे के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य ने कहा कि पिछले दिनों शाला प्रबंधन समिति की बैठक रखी गयी थी। शौचालय मरम्मत हेतु जिला से राशि जारी की गई है। प्राक्कलन तैयार करवा लिया गया है। शीघ्र ही मरम्मत कराया जाएगा। सफाई कर्मचारी बुला कर मलबा हटवा दिया गया है।

# शो-पीस बना गण्डई का हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय

- सुविधाओं का अभाव, लोग नहीं करते उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई में लाखों की लागत से बनाया गया हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय केवल नाम का रह गया है। हैरत की बात यह है कि इसका उपयोग बसों का इंतजार करने वाले यात्री नहीं करते, बल्कि वह बस स्टैंड स्थित दुकानों और उनके आसपास खड़े रहते हैं। यात्रियों का कहना है कि प्रतीक्षालय में सुविधाओं का घोर अभाव है, जिससे वह यहां असहज महसूस करते हैं।यह महज शोपीस बन कर रह गया है इसके बाद भी प्रशासन इस पर लाखों खर्च कर रहा है।

यात्रियों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं का अभाव इस प्रतीक्षालय के उपयोग न होने की मुख्य वजह है। गंडई से आमगांव जा रहे सुंदर पटेल और गंडई से पथरिया जा रहे चंद्रा निषाद ने बताया कि हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय में न तो पंखा हैं, न ही बैठने की उचित व्यवस्था। समय बिताने के लिए टीवी भी नहीं है। साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता। इन कमियों के कारण यात्री प्रतीक्षालय में वहां बैठना पसंद नहीं करते।



### अध्यक्ष ने बताया लापरवाही

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने हाईटेक बस स्टैंड की सौगात दी थी। पिछले दो अध्यक्षों ने इस ओर समुचित ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार को 40 लाख का भुगतान हुआ है और उसने काम बंद कर दिया है। ठेकेदार को काम शुरू करने का नोटिस दिया गया है, लेकिन अभी जवाब नहीं मिला है। खुशरो ने कहा कि कार्य के संबंध में उच्च अधिकारियों को भौतिक सत्यापन करने कहा है। जल्द ही बस स्टैंड में हाई-मास्क लाइट, बसों के प्रवेश और बाहर निकलने के लिए दो अलग द्वार और प्रतीक्षालय के ऊपरी हिस्से में यात्रियों के रुकने की व्यवस्था किया जाएगा।

### सीसीटीवी कैमरा, प्रसाधन नहीं

महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों का अभाव चिंता का विषय है, जिससे वह प्रतीक्षालय में असुरक्षित महसूस करती हैं। इसके अलावा प्रतीक्षालय के मुख्य फ्लोर पर प्रसाधन नहीं है। यात्रियों को प्रतीक्षालय से बाहर या ऊपर जाना पड़ता है। टिकट काउंटर तो बनाया गया है, लेकिन सभी बसों के टिकट यात्रियों को बस में ही लेना पड़ता है। यह यात्री प्रतीक्षालय 18 जनवरी 2007 को लोकार्पित हुआ था। तब टिकट काउंटर और कुछ दुकानें भी बनाई गई थीं। व्यापारियों ने दुकानें लीं और कुछ समय तक व्यापार भी किया, लेकिन टिकट काउंटर कभी चालू नहीं हुआ, जिसके कारण प्रतीक्षालय में यात्री नहीं आए और दुकानदारों का व्यवसाय नहीं चला। अंततः सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दिया। जानकारी अनुसार 14 मार्च 2023 को अधोसंरचना मद से 71 लाख 28 हजार की लागत से जीर्णोद्धार कराया गया। नगर पंचायत ने ठेकेदार को40 लाख का भुगतान भी किया, लेकिन आज भी उक्त हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय का उपयोग निर्माण की मंशा के अनुसार नहीं हो रहा है।

### लोकतंत्र कुचल रही केन्द्र सरकारः लोधी

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चौतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन ईडी द्वारा गिरफ़्तार करना लोकतंत्र के मुँह पर तमाचा बताया है।उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की अस्मिता और जनता की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की कार्यवाही को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग जांच एजेंसियों को हथियार बनाकर विपक्ष को डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ़ भूपेश बघेल का नहीं है बल्कि हर उस व्यक्ति की लड़ाई है, जो तानाशाही के खिलाफ खड़ा है।







खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाडले नेता, युवा नेतृत्व एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी, जिला पंचायत केसीजी के प्रथम उपाध्यक्ष
डॉ. बिशेसर साहू
अध्यक्ष जिला भाजपा
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
घम्मन साहू
पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
माननीय
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
HAPPY BIRTHDAY
जीवन देवांगन
जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा
हरप्रसाद वर्मा
जिलाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा
जीवन दास रात्रे
जिलाध्यक्ष, अजा अजजा मोर्चा
नवनीत जैन
जिलाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा
आयश सिंह बोनी
जिलाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा
नीलिमा गोस्वामी
जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा
दिनेश वर्मा
मंडल भाजपा खैरागढ़
गोरेलाल वर्मा
मंडल भाजपा पांडादाह
भावेश कोचर
मंडल भाजपा छुईखदान
राकेश ठाकुर
मंडल भाजपा गंडई
भोज बंजारे
मंडल भाजपा ठेलकाडीह
शत्रुहन साहू
मंडल भाजपा साल्हेवारा
देवकुमार सेन
मंडल भाजपा बाजार अतरिया
आनंद पटेल
मंडल भाजपा नर्मदा
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता जिला : खैरागढ़ छुईखदान गंडई

**खबर संक्षेप**



## पूर्व सैनिक 26 को मनाएगी कारगिल विजय दिवस

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं सैन्य मातृशक्ति परिषद जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाने की तैयारी पर चर्चा के लिए संयुक्त बैठक 20 जुलाई को आयोजित की गई। बैठक में समस्त सैन्य मातृशक्ति एवं पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। सर्वप्रथम गौरव स्थल पर भारतीय वीर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा। तत्पश्चात तिरंगा भ्रमण राजनांदगांव शहर में करते अभिलाषा संस्था पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के साथ विजय दिवस एवं कारगिल युद्ध में शहीद भारतीय वीर सपूतों के सम्मान में दिव्यांग बच्चों को प्रीतिभोज अखिल भारतीय सैन्य मातृशक्ति जिला राजनांदगांव द्वारा कराया जाएगा। बैठक में पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव के जिला संरक्षक बसंत रावटे, जिलाध्यक्ष अशोक झा, जिला प्राधिकारी गुमान दास साहू, पीयूष साव, अमर साव, संजय पवार, उमेश गंगबेर, डोंगरगढ़ से सभी सदस्य एवं सैन्य मातृशक्ति जिला अध्यक्ष वर्षा रावटे, संगीता साहू, संगीता गंगबेर, पी. ज्योति सुनीता राव, शिवानी साव, भुवनेश्वरी साव, मीनेश साहू, शीतल सिन्हा, पूर्व सैनिक अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा, कन्हैया साहू पूर्व सैनिक एवं श्रीमती कन्हैया साहू आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बारिश थमते ही चढ़ा पारा

**राजनांदगांव।** बारिश नहीं होने के चलते अंचल का तापमान बढ़ गया है। जिले में उमस से लोग हलाकान रहे। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक अवदाब उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर

### तोड़फोड़ से प्रभावित फुटकर व्यापारियों ने घेरा निगम

# कांग्रेस नेताओं ने मांगा व्यवस्थापन, निगम परिसर में कटोरा रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के फ्लाई ओवर के नीचे अतिक्रमण हटाने के नाम पर नगर निगम द्वारा छोटे दुकानदारों पर की गई कार्रवाई का विरोध करते कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी और पार्षद हफीज खान के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय का घेराव करते प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रभावित फुटकर व्यापारियों के साथ कांग्रेस नेता कटोरा लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे और निगम परिसर में ही बैठकर प्रतिकात्मक रूप से भिक्षा मांगते प्रदर्शन किया। इस दौरान निगम की इस कार्रवाई का विरोध करते कांग्रेस पार्षदों के साथ पूर्व पार्षदों ने निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

फ्लाई ओवर के नीचे संचालित छोटे पान ठेले, होटल, गैरेज, डेली निड्स जैसी सभी दुकानों को अतिक्रमण के चलते निगम द्वारा हटाया गया है। इसके बाद यहां लगभग 100 से अधिक परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित हो गई है। ऐन बारिश के समय दुकान हटाए जाने से काम का संकट खड़ा हुआ है। जिसको लेकर प्रभावित लोगों ने फ्लाई ओवर के नीचे व्यवस्थापन करने की मांग रखी है।



### रैली निकालकर पहुंचे निगम

बड़ी संख्या में एकत्रित हुए कांग्रेसी और प्रभावित दुकानदार शहर के महावीर चौक से हाथों में कटोरा लेकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते रैली निकाली। इस रैली में कांग्रेस पार्षद राजा तिवारी, पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, शरद पटेल, मधुकर बंजारी, विनय झा, अवधेश प्रजापति सहित अन्य शामिल हुए।

### फ्लाई ओवर के नीचे व्यवस्थापन संभव नहीं

इस मामले में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि बिना अनुमति के अवैध रूप से अव्यवस्थित दुकान संचालित हो रही थी, जिसे हटाने की कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रभावित लोग व्यवस्थापन के लिए आए थे, जिन्हें बता दिया गया है कि फ्लाई ओवर के नीचे व्यवस्थापन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थान पर अलग-अलग व्यापार के लिए स्थल निर्धारित किया जाएगा, तो उसमें प्राथमिकता दी जाएगी।

### पंद्रह दिवस के भीतर व्यवस्थापन की मांग

कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी और वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने कहा कि हम सब चाहते हैं कि शहर व्यवस्थित व सुंदर हो, लेकिन किसी गरीब के व्यवसाय में बुलडोजर चलाकर नगर निगम प्रशासन शहर को सुंदर बना रहा है, यह गलत है। उन्होंने कहा कि बारिश में गरीब तबके के लोगों के व्यापार उजाड़ दिए गए, बिना व्यवस्थापन उनके ठेले-खोमचे हटा दिया गया है। जिससे उनकी रोजी-रोटी ठप हो गई है। उन्होंने कहा कि भीख मांगकर हमने प्रदर्शन किया है। वहीं 15 दिवस के भीतर अगर सभी का व्यवस्थापन नहीं किया जाता है तो आमरण-अनशन किया जाएगा। जिसका खामियाजा नगर निगम को भुगतना पड़ेगा।

# एक हजार पौधे लगाकर मुहिम की शुरूआत



**राजनांदगांव।** हरियाली बाहिनी अभियान के तहत रोड किनारे करंज पौधे लगाकर गांव स्तर में आय का जरिया बनाने और हरियाली फैलाने की मुहिम में लोग जुड़ते नजर आ रहे हैं। रविवार को खपरीखुर्द से सुकुलदैहान तक 1000 करंज पौधा लगाने मुहिम की शुरूआत की गई। जिसमें सरपंच सहित ग्रामवासी महिला समूह की अहम भूमिका रही।

ठेलकाडीह से सिरसाही तक 1000 करंज का पौधा लगाया गया। जिसमें जनपद सदस्य भूपेंद्र सिंह बघेल के विशेष सहयोग से अभियान को सफल बनाया गया। अभियान में महिलाओं को प्रोत्साहित करने पद्मश्री फूलबासन यादव पहुंची। श्रीमती यादव गांव-गांव जाकर महिलाओं और जनप्रतिनिधि के साथ करंज पौधे लगाए गए।

हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन ने बताया कि पौधे लगाने का प्रमुख उद्देश्य आय का जरिया बनाने के अलावा क्षेत्र में हरियाली लाना है। पूर्व वर्षों से केशर आम से आमदनी के लिए कम दरों पर पौधा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ष रोड किनारे करंज पौधे लगाए गए है। करंज 7 वर्ष के बाद बीज से आय होगी, इसे कोई जानवर भी नुकसान नहीं पहुंचाता है। इस दौरान राजेश साहू, जानिया साहू, विनोद साहू, मंजू, शिशुपाल, मंजू पटेल, देवकी गंजीर, अर्जुन सिंग, प्रमिला गंधर्व, साधना चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में महिला समूह, पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वार्डवासियों ने किया मोबाइल टॉवर का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली वार्ड नंबर 5 में घनी बस्ती के बीच तंग जगह पर जियो मोबाइल टॉवर लगाए जाने का वार्ड के लोगों ने विरोध किया है और पूर्व महापौर हेमा देशमुख के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से टॉवर निर्माण कार्य बंद करवाने की मांग की है।

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे चिखली वार्ड के लोगों ने बताया कि मां शीतला मंदिर रोड के पटेल चौक के समीप मोबाइल टॉवर स्थापित किया जा रहा है। पूर्व में भी यहां टॉवर लगने का विरोध किया गया था। इसके बाद तत्कालीन कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्य बंद कराया था। वहीं अब 2 महीने से कार्य पुन शुरू कर दिया गया है और लगभग आधा टॉवर का निर्माण भी हो गया है। वार्ड के तेजराम साहू, प्रिया साहू, अंगिया साहू, पदमा साहू सहित अन्य वार्डवासियों ने कहा कि टॉवर लगने से रेडिएशन सहित कई समस्याएं होगी।



### निर्माण कार्य रोकने सहमति

इधर वार्डवासियों द्वारा टॉवर लगाए जाने के विरोध को देखते हुए भू-स्वामी और उनके परिजन ने कलेक्टर के नाम आवेदन लिखकर दिया है। जिसमें उक्त टॉवर निर्माण कार्य पर रोक लगाने अपनी सहमति दी है।

### कार्य बंद नहीं होने पर आंदोलन

वार्डवासियों के बार-बार विरोध के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होता देख ज्ञापन देने पहुंची वार्ड की काशी साहू, सरिता साहू, देवकी साहू, वर्षा राजपूत, काजल साहू, जागेश्वर साहू, उर्मिला रामोतीन सहित अन्य वार्डवासियों ने टॉवर निर्माण कार्य बंद नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### नहीं ली गई निगम की अनुमति

पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि टॉवर लगाने नगर निगम से अनुमति भी नहीं ली गई है। 2 महीने से टॉवर लगाने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि जिनकी जगह पर टॉवर लग रहा है, उन्होंने कार्य बंद करने के लिए अपनी सहमति भी दे दी। इसके बावजूद कार्य बंद नहीं किया जा रहा है।

# डाक कांवडियों ने सफाई कर्मचारियों और कांवडियों पर बरसाया गुलाब फूल

**राजनांदगांव।** सावन पर्व के दूसरे सोमवार को डाक कांवड यात्रा मोहारा शिवनाथ नदी से जल लेकर शीतला मंदिर बूढ़ासागर पहुंची। इसी क्रम में सड़क पर सफाई कर रहे कर्मचारियों पर गुलाब फूल बरसाकर उनका धन्यवाद किया।

संस्था ने बताया कांवडियों के रास्ते को सफाई करने अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, ताकि कांवडिया सुरक्षित मंदिर पहुंच सके। शीतला मंदिर पर हिंदू जागरण मंच द्वारा डाक कांवड़िया का पुष्प से स्वागत कर फलाहारी की व्यवस्था की गई। आयोजनकर्ता शिवगण मां पाताल भैरवी बर्फानीधाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लड्डा आज दूसरे सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राजबहादुर सिंह, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, नीरज स्कूल से नीरज वाजपेई इस यात्रा में शामिल होकर एवं सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया।



### 28 को जाएंगे मां पाताल भैरवी मंदिर

28 जुलाई तीसरे सोमवार को मोहारा शिवनाथ नदी से जल लेकर मां पाताल भैरवी मंदिर बर्फानी धाम जाएगी। इस यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रलाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुंदड़ा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, महेश्वर जंघेल, यश साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, चेष्टा जंघेल, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल, भाटापारा उपसरपंच दीपक वैष्णव, अनुज, नितिन, दुर्गेश, दिव्यांश, कमलेश आदि उपस्थित थे।

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेसियों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

**घुमका।** कांग्रेसियों ने बिजली बिल के बढ़े हुए दर को कम करने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा व विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में विद्युत कार्यालय घुमका का घेराव किया गया।

विधायक बघेल ने कार्यकर्ताओं के साथ पौने चार बजे विद्युत कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की एवं बढ़े हुए विद्युत दर को कम करने की गुजारिश के साथ राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार रामलखन चौहान को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में दर्शाया गया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 10 से 20 पैसे एवं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की है, जो न्याय उचित नहीं है। इससे विद्युत उपभोक्ता का आर्थिक बोझ बढ़ेगा। सरकार ने विद्युत दर में चौथी बार बढ़ोत्तरी कर किसानों के जेब में डाका डाल रही है। राज्यपाल से अनुरोध किया गया है कि विद्युत दर में हुई वृद्धि को वापस करें, विद्युत उपभोक्ताओं व किसानों में विद्युत दर के बढ़ोतरी को लेकर रोष और आक्रोश है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विद्युत दर में हुई बढ़ोत्तरी को वापस नहीं किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन कर सकती है। विद्युत कार्यालय में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, जनपद सदस्य तुलसी वर्मा, दौलतराम देवांगन, दानी वर्मा, ईश्वर वर्मा, नारद वर्मा, जितेंद्र साहू, पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, जय कुमार वर्मा एवं खेमचंद पप्पू वर्मा उपस्थित थे।

# विधि महाविद्यालय में हुई प्रभावी संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ विशेषज्ञ ने सार्थक चर्चा की

जिले के विधि महाविद्यालय में लोकतांत्रिक समाज में न्यायपालिका के महत्व पर प्रभावी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और भविष्य में कानून के रखवालों के लिए संविधान के संरक्षक और अधिकारों के रक्षक विषय पर विशेषज्ञ वेणुगोपाल ने सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया।

पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय ने शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन विधि के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। मुख्य वक्ता वेणुगोपाल जोशी बूस्टअप स्मार्ट प्रिपरेशन के संस्थापक ने प्रभावी वक्तव्य देते विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ .निमिषा मिश्रा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में संविधान की आत्मा को अंगीकार करने का आह्वान किया।





### संगोष्ठी में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

संगोष्ठी को सफलता की ऊंचाई प्रदान करने में डॉ. अल्का चौहान, अतुल सोनी, प्रेरणा तिवारी, आदित्य श्रीवास्तव, सोनाक्षी सिरवानी की सराहनीय भूमिका रही। संचालन की कड़ी में श्रीमती सिरवानी ने प्रभावी छाप छोड़ी। सेमिनार के शानदार आयोजन के उपरांत डॉ. अल्का चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में नीरज श्रीवास्तव, श्रेया यादव, अतुल सोनी, प्रेरणा तिवारी, नुजहत, विद्या एवं बीरबल का योगदान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने भविष्य में भी सहयोग प्रदान करते रहने का निवेदन किया।

# छात्राओं को मिला नया दृष्टिकोण

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं के लिए इमोशनल रेजिलिएंस पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला को प्रसिद्ध एनएलपी और संपूर्ण मस्तिष्क चिंतन ट्रेनर दीप्ति बिंदल द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने छात्राओं को भावनात्मक दृढ़ता के गुण विकसित करने कई टिप्स दिए। उन्होंने कार्यशाला में छात्राओं को कई अर्थपूर्ण एवं सुव्यवस्थित गतिविधियों के माध्यम से यह समझाया कि भावनाएं हमारे जीवन में बाधा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक होती है। उन्होंने ऐसे व्यावहारिक टूल्स और तकनीकों को साझा किया, जिन्हें अपनाकर छात्राएं अपने भावों को अधिक तार्किक, सजग और सशक्त ढंग से संभाल सकती है। गंभीर चिंतन, आत्ममंथन और इंटरैक्टिव चर्चाओं के माध्यम से छात्राओं ने यह जाना कि हर भावना चाहे वह दुःख हो, भय हो, क्रोध हो या आनंद एक संदेशवाहक होती है, जिसे नकारने के बजाय समझकर सही प्रतिक्रिया देना आवश्यक है। सत्र के दौरान कई छात्राओं ने भावनात्मक रूप से खुद को जुड़ा हुआ पाया, कुछ की आंखे भी नम हुई।



कार्यक्रम में वातावरण संवेदनशील, सुरक्षित और चिंतनशील बना रहा। छात्राओं ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और कहा कि इस सत्र में उन्होंने खुद को देखा, सुना, समझा और महसूस किया। वे आत्म-जागरूकता, स्पष्टता और आंतरिक शक्ति के साथ कार्यशाला से बाहर निकली।

छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, प्राचार्य मधुसूदन नायर कार्यशाला में उपस्थित रहे। छात्राओं ने दीप्ति बिंदल का धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि इस कार्यशाला ने भावनात्मक स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह हमें भावनात्मक रूप से संतुलित करने तथा हमारी आत्म-चेतना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करके हमें जिम्मेदार नागरिक बनाएगी।

# खराब रास्ते पर पैदल चलने मजबूर छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही खैरबना हाई स्कूल के छात्रों की पुरानी समस्या से जूझना पड़ रहा है। घर से स्कूल तक छात्रों को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। खैरबना हाईस्कूल में बगदूर, जीराटोला के छात्र छात्राएं आते हैं। हाईस्कूल से बगदूर तक लगभग पांच किलोमीटर लंबा मार्ग काफी जर्जर हो गया है। बारिश के बाद सड़क जानलेवा गड्ढे हो गए है जिसमें बरसाती पानी भरा रहता है।

स्कूली छात्र बरसात के महीनों में मुश्किल से सफर कर पाते हैं। गांव के ईश्वर साहू ने बताया कि बरसात में बगदूर से यहां पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खराब मार्ग के चलते छात्र समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते। पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में घंटा भर का लग जाता है। बारिश जारी रहने पर यह सफर और परेशानी भरा हो जाता है। छात्र स्कूल आने के लिए दूसरा रास्ता अपनाते हैं तो स्कूल पहुंचने की दूरी दो गुना हो जाती है। ग्रामीणों को भी इस मार्ग में आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। रास्ते में दो जगह पुल भी है, वह भी जर्जर हो कर धंस गए हैं। खैरबना, बगदूर, जीराटोला के ग्रामीण लंबे समय से मार्ग को पक्का बनवाने की मांग कर रहे हैं।



### कच्चा मार्ग खराब

विद्यालय में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को सरस्वती सायकिल योजना के तहत साइकिल मिली है पर बरसात के चार माह छात्राएं पैदल ही आना जाना करती हैं। छात्राओं ने बताया कि कच्चा मार्ग इस कदर खराब है कि साइकिल चलाना मुश्किल है। खराब मार्ग में साइकिल चलाने से कई बार गिर कर घायल हो चुकी हैं। जिससे वह पैदल चलकर स्कूल पहुंचती हैं।

### पक्की सड़क की मांग

जनपद सदस्य डोमार सिंह भेड़िया ने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से पक्की सड़क की मांग कर रहें जिसके लिए प्रयास किया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि तीजेराम धुर्वे ने बताया कि कच्ची मार्ग को पक्का बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाया जा रहा है। सुशासन तिहार में प्रमुखता से इस मार्ग को पक्की बनाने के लिए आवेदन दिया था। आश्वासन मिला है कि जल्द ही पक्की सड़क बन जाएगी।

### बगदूर से जीराटोला मार्ग भी जर्जर

इसी तरह बगदूर से जीराटोला मिडिल स्कूल पढ़ने आने वाले छात्रों को जर्जर मार्ग से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, जो अब तक पूरी नहीं हुई है। बगदूर से जीराटोला की दूरी महज तीन किलोमीटर है पर मार्ग पर चलने में काफी परेशानी होती है। दोनो गांव के ग्रामीण भी इस परेशानी से भरे रास्ते से सफर करते हैं। जीराटोला के सरपंच प्रतिनिधि केशलाल मंडावी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों से पक्की सड़क के लिए कई दफा मांग किया जा चुका है। सुशासन तिहार में आवेदन देकर ग्रामीण एवं छात्रों ने समस्या से अवगत कराया था।

# 60 से अधिक स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव ने शिक्षा को गुणवत्तामुलक बनाने और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने रणनीति निर्धारित किया गया।

औचक निरीक्षण एक साथ जिले के सभी अधिकारियों की अलग-अलग टीम बनाकर सभी विकासखंडो के शालाओं का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने लगातार शिक्षा को बेहतर करने और शिक्षकों को समय पर स्कूल आने एवं स्कूलों में गुणवत्तायुक्त अध्यापन कार्य संचालित करने बैठकों के माध्यम से आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इसी तारतम्य में उनके द्वारा कार्ययोजना बनाकर आज जिले के सहायक कार्यक्रम समन्वयको एवं स्वयं के द्वारा 60 से भी अधिक स्कूलों का एक साथ जिलेभर का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस क्रम में



सड़क चिरचारी के प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं का, भरीटोला के प्राथमिक और माध्यमिक शालाएं, घोरतलाव प्राथमिक शालाएं, माध्यमिक शालाओं तथा खोभा की हायर सेकंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इसी क्रम में जिले के एडीपीओ पीआर झाडे एवं जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के स्कूलों का निरीक्षण किया गया। सहायक कार्यक्रम समन्वयक केपी विश्वकर्मा, एमआर अंसारी, मनोज मरकाम, परिणीता शर्मा, आदर्श वासनिक एवं कामिनी साहू द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडो के 60 से अधिक स्कूलों का निरीक्षण किया गया। इस प्रकार लगातार शिक्षा विभाग जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम राजनांदगांव बैठकों और निरीक्षण के माध्यम से शाला में शिक्षकों से बातें कर लगातार अच्छी और बेहतर शिक्षा बच्चों तक प्रदान करने शिक्षकों को आग्रह किया जा रहा है।


हंसी आपकी कोई चुरा ना पाए, आपको कोई कभी रुला ना पाए,
खुशियों का दीप ऐसे जले जिंदगी में कि कोई तूफान भी उसे मिटा न पाए।
इंद्रलोक सिटी
एवं न्यू हैण्ड्स ग्रुप परिवार
खैरागढ़ की ओर से
भाई विक्रांत सिंह जी
(प्रथम उपाध्यक्ष, जिला पंचायत खैरागढ़ छुईखदान गंडई)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY BIRTHDAY
नरेन्द्र बोथरा
अभय गिड़िया
New Hands Group
22
JULY
दीपक बैद
मनीष पारख
प्रमोद सालेचा

## सार समाचार

### तीन पेड़ मां, भारत मां एवं धरती मां के नाम लगाएं



**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आह्वान्वित ''एक पेड़ मां के नाम'' पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन अभिनव योजना का समर्थन करते डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने कहा कि अत्यंत आवश्यक हो गया है कि प्रत्येक जन-जन एक नहीं, तीन पेड़ सर्वप्रथम-मां के नाम से, द्वितीय भारत मां के नाम से एवं तृतीय धरती मां के नाम से अपने-अपने, घर-आंगन, खेत-खलिहान अथवा सार्वजनिक स्थलों, उद्यानों-बगीचों में प्रत्येक वर्ष लगाएं, तभी हम पृथ्वी पर चतुर्दिक गहराते जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से निपट सकेंगे।

### सफाई मित्र और स्वच्छता दीदीयों का सम्मान



**राजनांदगांव।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के लिए नगर निगम के अधिकारी -कर्मचारी खासकर स्वास्थ्य अमला ने जी-जान लगाकर कार्य किया। जिसकी परिणति इस सर्वेक्षण में राजनांदगांव देशभर में टॉप-20 में पहुंच 14वां स्थान प्राप्त किया तथा प्रदेश में 6वें स्थान पर रहे। इसका श्रेय सफाई अमला को देते महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा की उपस्थिति में स्वच्छता दीदीयो एवं सफाई मित्रों का जमातपारा एसएलआरएम सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान किया। इस दौरान राजेश मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, देवेश साहू, कीर्तन साहू समेत अन्य लोग शामिल थे।

### विकास के लिए राशि स्वीकृत : रामटेके



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्षेत्र विकास के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार से 63 करोड़ से ज्यादा की स्वीकृति दिलाई है। इससे क्षेत्र का भरपूर विकास हो सकेगा और लोगों को सुविधाएं भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन के अथक प्रयासों से राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के नगर क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे क्षेत्र की अधोसंरचना सुदृढ़ होगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं प्राप्त होगी।

### महापौर ने साफ-सफाई व निर्माण कार्य का लिया जायजा



**राजनांदगांव।** वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने 18 जुलाई को सुबह लखोली वार्ड नं. 30 एवं 31 में पहुंचकर वार्डवासियों से रूबरू हुए और साफ-सफाई के संबंध में चर्चा कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने उप अभियंता अशोक देवांगन से निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने कहा। महापौर श्री यादव लखोली वार्ड नं. 30 एवं 31 के पार्षद चंद्रशेखर लश्करे व रीना सिन्हा के साथ जनता कालोनी, केशर नगर में साफ-सफाई का जायजा लेकर सभी नाली-नालों की नियमित सफाई करने, कचरा उठाने तथा जल भरान क्षेत्र में विशेष सफाई कर पानी भरान पर निकासी के लिए कच्ची नाली खोदने कहा। अटल आवास के आसपास समुचित साफ-सफाई करने कहा। उन्होंने कहा कि बरसाती मौसमी बीमारी से बचने एतियात बरते, पानी छानकर पीये। महापौर श्री यादव ने विश्वकर्मा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया तथा केशर नगर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्थल विवाद का वार्डवासियों से चर्चा कर निराकरण किया। उन्होंने जनता कालोनी उद्यान निर्माण का जायजा लेकर निर्माण में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यान निर्माण में मनोरंजन संबंधी सभी बातों का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जाए। निरीक्षण के दौरान निगम का तकनीकी एवं स्वास्थ्य अमला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने सराहनीय प्रयास




**राजनांदगांव।** ग्राम भरेंगांव में शराब बिक्री जोरो से चल रहा था। शराब कोचियों का बल्ले-बल्ले था। ग्राम भरेंगांव पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर व विधायक डॉ. रमन सिंह क्षेत्र के अंतर्गत आता है। भरेंगांव में अवैध शराब बिक्री के कारण गांव के छोटे-छोटे बच्चे भी शराब के नशे की लत में डूबते जा रहे थे। जिसको देखते ग्रामीणों एवं पंचायत व समाज प्रमुखों ने शराब बिक्री पर रोक लगाने और गांव में शांतिपूर्ण माहौल के लिए कड़े कदम उठाते बेचने वालों को सख्त कार्रवाई एवं समाज से बहिष्कृत करने, समाज प्रमुखों के आह्वान और पंचायत परिवार एवं ग्रामवासियों की तत्परता से बीते कुछ दिनों से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने भरपूर प्रयास कर रही है। भरेंगांव में शराब बेचने वालों को दंडित एवं अर्थदंड से दंडित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि भरेंगांव में शराब बेचने वाले से 31000 रुपए और बताने वाले को 10,000 रुपए इनाम दिया जाएगा और जिस समाज का व्यक्ति को पकड़ा है, उसे समाज के लोगों को 10,000 की राशि दी जाएगी और लगभग 10000 की राशि पंचायत परिवार में जमा रहेगी।
ग्राम सुरगी राजाराम फैक्ट्री के सामने मुख्य मार्ग ढाबा और ग्राम सिंघोला में भी जोर-शोर से शराब बिक्री होती रहती है और खुलेआम शराब बेचने का कार्य को अंजाम दिया जाता है, क्यों ऐसे लोगों पर जिम्मेदार कार्रवाई नहीं करवाते, कार्रवाई नहीं होने के कारण शराब कोचिंयो के उनके हौसले दिन-ब-दिन बढ़ती ही जाती रहती है।

### देश को विकास की ओर ले जा रहे मोदी - गीता



**राजनांदगांव।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और भारत के प्रधानमंत्री पहले बने। जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। नरेंद्र मोदी एक अरब से अधिक भारतीयों की आकांक्षाओं और आशाओं के द्योतक है। नरेंद्र मोदी करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों का चेहरा हैं, जब से उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला है, तब से देश को उस विकास की ओर ले जाने के लिए अग्रसर है।

## सतर्क रहने की पुलिस ने की अपील

# मातृत्व वंदना योजना के नाम पर ठगी का शिकार बना रहे सायबर ठग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




सायबर ठगों ने अब गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को शासन द्वारा दी जाने वाली योजना मातृत्व वंदन योजना का लाभ दिलाने और राशि को उनके खाते में जमा करने के नाम पर अपने आपको डॉक्टर बताकर मितानिन एवं हितग्राहियों को एक साथ कान्फ्रेंस में लेकर भरोसा दिलाकर ठगी कर रहे हैं। जिनसे सावधान रहने की अपील पुलिस ने की है।

बताया गया कि सायबर ठगों द्वारा पहले मितानिनों को फोन लगाकर अपने आपको डॉक्टर बताया जाता है। साथ ही उसके ट्रूकॉलर पर किसी डॉक्टर का नाम भी प्रदर्शित होता है। जिसके कारण मितानिन उसके झांसे में आ जाती है, फिर सायबर ठग द्वारा शासन द्वारा चलाए जा रहे योजना के बारे में बात करते करते मितानिनों से उनके क्षेत्र के गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हैं। उनके साथ बात करते हितग्राही महिला को कान्फ्रेंस के माध्यम से फोन कॉल कर उनसे भी शासन द्वारा संचालित मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलाने के संबंध में बात करते उनके बैंक खाते में रकम जमा करने के संबंध में बात करते हैं। बातों-बातों में हितग्राहियों से उनका फोन-पे, गूगल-पे आदि अकाउंट की जानकारी ले लेते हैं और उनके रुपए भेजने का नोटिफिकेशन भेजते हैं, जिसे हितग्राहियों द्वारा क्लीक करने पर रुपए आता नहीं है, बल्कि उनके बैंक खातों से रकम सायबर फ्रॉड के खातों में चला जाता है। इस प्रकार सायबर ठगों द्वारा लोगों को भरोसा दिलाकर रकम देने की जगह रकम उनके बैंक खातों से खाली कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

#### जानकारी साझा ना करें

सायबर ठगों द्वारा ठगी करने हमेशा नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, इसलिए राजनांदगांव पुलिस ने अपील की है कि कोई अनजान नंबर से कॉल करके अपने आपको उनका अधिकारी बताता है और उनसे जानकारी पूछता है तो उन्हें किसी प्रकार की जानकारी ना दें। सायबर ठगों द्वारा फार्म भरने के नाम पर या किसी योजना के नाम पर एपीके एप्प का लिंक भेज देते हैं, जिसे क्लिक करने से वह इंस्टॉल हो जाता है। जिससे लोगों का कॉल फॉर्वडिंग, एसएमएस फॉर्वडिंग, स्क्रीन सेवर एप्लीकेशन इंस्टाल हो जाता है। जिसके माध्यम से लोगों के फोन पर आ रहे कॉल, एसएमएस ठगों के पास चले जाता है और स्क्रीन सेवर एप्लीकेशन इंस्टाल होने पर लोगों के मोबाइल फोन का स्क्रीन सायबर ठगों को शेयर हो जाता है। जिसका लाभ उठाकर सायबर ठग लोगों के बैंक एकाउंट खाली कर लोगों को सायबर ठगी का शिकार बनाते हैं।

## जिले में अब तक 2530 मिमी वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 2530.2 मिमी बारिश एवं औसत 361.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 386.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 313 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 514.4 मिमी, घुमका तहसील में 418 मिमी, छुरिया तहसील में 316.1 मिमी, कुमरदा तहसील में 298.2 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 284.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 514.4 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 55.6 मिमी एवं औसत 7.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

डोंगरगढ़ तहसील में 8.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 14.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 17.2 मिमी, घुमका तहसील में 2.5 मिमी, छुरिया तहसील में 2.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 7.4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 2.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 17.2 मिमी दर्ज की गई है।

# विशेषज्ञ ने हॉकी खिलाड़ियों को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पटरी पार क्षेत्र के उभरते हॉकी खिलाड़ियों को वैश्विक खेल दृष्टिकोण से अवगत कराने रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अफ्रीका से आए प्रसिद्ध मैनेजमेंट विशेषज्ञ आशुतोष झा ने खिलाड़ियों को खेल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों की जानकारी दी।

कार्यशाला में खिलाड़ियों को न केवल खेल प्रदर्शन को निखारने, बल्कि करियर प्लानिंग, टाइम मैनेजमेंट, अनुशासन, ब्रांडिंग, स्पोर्ट्स ऑफिशियल करियर गाइडेंस, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और प्रायोजन (स्पॉन्सरशिप) जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यवहारिक टिप्स दिए गए।

विशेषज्ञ आशुतोष झा ने कहा कि आपका खेल जितना मजबूत है, उतना ही ज़रूरी है कि आप अपने करियर को एक प्रोफेशनल की तरह मैनेज करें। सही मार्गदर्शन, नेटवर्किंग और समय प्रबंधन आपके सफर को आसान बना सकते हैं।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने कार्यशाला के विशेषज्ञ को चिखली स्कूल मैदान में चल रहे खेल, शिक्षा और अनुशासन आधारित जनजागरूकता अभियान से अवगत कराया। विशेषज्ञ आशुतोष झा द्वारा खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक एवं बॉल भी वितरित किए गए।

पार्षद सुनील साहू ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला खिलाड़ियों की सोच का दायरा बढ़ाती है। केवल खेलना ही नहीं, खेल से जुड़े हर पहलू को समझना आज की जरूरत है। कैलाश धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष खुमान वर्मा ने इसे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा युवा प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय दृष्टिकोण से परिचित कराने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।

इस अवसर पर ललित नायडू, सुरेश डेकाटे, राजेश साहू, संदीप यादव, भागवत निषाद, आशुतोष लारिया, निकेश रामटेके, चंदा साहू, संतोष राजपूत, खिलेश्वर सिन्हा, रामदास यादव सहित खिलाड़ियों के पालकगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों को सहायता राशि



**राजनांदगांव।** राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है। जिसके कारण कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ योजनांतर्गत चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का व अन्य फसलों की खेती करने वाले कृषकों को 10,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर राशि 11,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सामग्री का भुगतान होगा।

# आने वाली पीढ़ियों के लिए पौधारोपण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हायर सेकंडरी शाला चिरचारीकला परिसर में औषधियुक्त, फलदार, छायादार पौधेरोपित किया गया। शाला परिसर आंगन में हरियाली लाने ''एक पेड़ मां के नाम 2.0'' वृक्षारोपण महाअभियान के तहत गांव में पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने अभिनव पहल की गई। शाला प्रबंधन द्वारा परिसरों में सैकड़ों पौधे रोपे गए। इस अभियान के माध्यम से ना केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास हुआ, बल्कि मातृत्व के प्रति सम्मान भी व्यक्त किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। उन्होंने आम के पौधे का रोपण कर जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव, मनहरणलाल पिथौरा, प्राचार्य एसबी उर्वशा, नरेश शुक्ला, लालचंद साहू, प्रहलाद मिश्रा, अंजनी शर्मा, पोखराज मंडावी, नरेंद्र दमोहे, भूषण वाडेकर, हेमंत सलामे, देवेंद्र साहू ने भी पौधरोपण किया।

विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन स्वस्थ और सुखद हो, इसके लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने घटते जलस्तर पर चिंता व्यक्त करते जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया।शाला के पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा ने कहा कि शाला द्वारा शिक्षा, खेलकूद, स्वास्थ्य किसी भी क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचने का प्रयास किया जा रहा है और इसी कड़ी में वृक्षारोपण महाभियान हमारे गांव के लिए गर्व की बात है। वृक्ष परोपकार एवं पुण्य का प्रतीक होता है, पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए।प्राचार्य एसबी उर्वशा ने कहा कि दुनिया के समक्ष जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, जल संकट जैसी चुनौतियां है। इससे बचने एक पेड़ लगाना आवश्यक है। प्रधान पाठक हेमंत सलामे ने पर्यावरण को बचाने वृक्षारोपण पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने वालों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।प्रधान पाठक हेमंत सलामे ने कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विमला माहेश्वरी, दुलेश्वरी मंडावी, हिरदे सिन्हा, जगदीश मिश्रा, महेश मंडावी, दुर्गेश मालेकर, हीरालाल गजभिए, महेश पड़ोती, गज्जू कन्नौजे, गजेंद्र, शैलेन्द्र देवांगन, शेख आबिद कुरैशी, कमलेश देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, स्व सहायता समूह की दीदी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सीईओ ने ली बैठक, स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण की तैयारियों को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों सहित अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

जिपं सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि भारत सरकार के केन्द्रीय निगरानी समिति के अधिकारियों की टीम द्वारा जिले का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्रीय योजनाओं से संबंधित जानकारी अद्यतन करने तथा आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने स्वास्थ्य अमलों द्वारा आयुष्मान वयवंदन योजना अंतर्गत 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। सीईओ ने विनोबा एप अंतर्गत सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, कुपोषण की रोकथाम, एनिमिया के बचाव के लिए पंजीयन की कार्रवाई शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।जिपं सीईओ सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली।




#### हर शनिवार को मने स्वच्छता तिहार

उन्होंने जिले के सभी ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रमदान करते ग्राम की साफ-सफाई, स्वच्छता रैली, दीवार लेखन, शपथ ग्रहण, स्कूल में प्रतियोगिताएं एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित करने कहा। इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत, स्व-सहायता समूह, युवा क्लब, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीणों को शामिल करने के निर्देश दिए।

#### सिटीजन फीडबैक भी जरूरी


उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत खुले में शौचमुक्त ग्रामों की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन, सहभागिता और स्थायी ढांचे जैसे मापदंडों पर गांवों का मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही सिटीजन फीडबैक भी एक अहम बिंदु होगा। जिसके लिए ग्रामीणों को मोबाइल एप के माध्यम से सुझाव देने प्रेरित करने कहा। गांव-गांव में बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश, नुक्कड़ नाटक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रचार एवं जागरूक करने के निर्देश दिए।

## सचिव अग्रवाल ने सीआरसी सेंटर का किया निरीक्षण

# विद्यार्थियों को साईन लैंग्वेज का होना चाहिए ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार सचिव राजेश अग्रवाल ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम ठाकुरटोला में दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल एवं सहायक उपकरण वितरण किया। उन्होंने दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान निदेशक एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद डॉ. बीवी रामकुमार, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, संचालक समाज कल्याण विभाग रोकतिमा यादव उपस्थित थी।



#### विधि से संबंधित ज्ञान को भी सचिव ने परखा

उन्होंने कहा कि सभी को साइन लैंग्वेज के संबंध में अच्छे से ज्ञान होना चाहिए। साइन लैंग्वेज में विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि साइन लैंग्वेज का बहुत अच्छा स्कोप उपलब्ध होता है। साथ ही हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। जिससे वे साइन लैंग्वेज के माध्यम से बता सके। इसके साथ ही विधि से संबंधित ज्ञान भी होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपस में भी साईन लैंग्वेज में बात करनी चाहिए, जिससे ज्ञान बढ़ेगा।
सचिव अग्रवाल ने सीआरसी सेंटर के उपरी मंजिल के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निर्माण कार्य करने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

सचिव अग्रवाल ने सीआरसी सेंटर के डॉक्टर कक्ष, व्हिज्युअल थेरपी कक्ष, फिजियोथेरपी कक्ष, नैदानिक मनोविज्ञान कक्ष, विशेष शिक्षा, ऑडिओलॉजी कक्ष, वाणी एवं भाषा उपचार, सीसीसीजीपी कक्ष, आडिटोरियम, पुस्तकालय, क्लास रूम का निरीक्षण किया।

सचिव अग्रवाल ने नैदानिक मनोविज्ञान कक्ष में ऑनलाइन पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विशेष शिक्षा कक्ष में 11 वर्षीय बच्चे का यूडीआई के संबंध में जानकारी ली और बच्चे का निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने उपस्थित दिव्यांगजनों से बातचीत की और उन्हें निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल और सहायक उपकरण वितरण किया। उन्होंने डिसली क्लास रूम का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से साइन लैंग्वेज के संबंध में बातचीत की।

## स्कूल में पौधरोपण



**राजनांदगांव।** ग्राम खैरझिटी अंतर्गत स्थित शा.प्रा. शाला में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। यह वृक्षारोपण कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स एवं स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें ग्राम के अंतर्गत 500 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें से 300 पौधों के रोपण का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। वृक्षारोपण करने वाले कैडेट्स एवं छात्रों के साथ रिभय मधुसूदन यादव, समाजसेवी मनीष जैन एवं साथीगण करन कोसरे, मयंक मेश्राम, प्रशांत रजक, रिषभ मल सहित एनएसएस के मोरध्वज ठाकुर, सरपंच नेमुराम वर्मा व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण उपरांत छात्रों एवं एनएसएस के कैडेट्स ने स्थानीय ग्रामवासियों को नवरोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया एवं सभी ने इन पौधों की सुरक्षा कर इन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया।


पूरी हो दिल की हर ख्वाहिश आपकी, मिले खुशियों का जहां आपको,
अगर आप मांगें आसमां का एक तारा, तो खुदा दे दे सारा आसमान आपको।
खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाडले नेता एवं जिला पंचायत केसीजी के प्रथम उपाध्यक्ष
माननीय
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
22 July
मान. विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
डॉ. राजेश्री त्रिपाठी
अध्यक्ष, जनपद पंचायत खैरागढ़
डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी
पूर्व सभापति, जनपद पंचायत खैरागढ़


HAPPY birthday To You
HAPPY birthday To You
युवाओं के प्रेरणाश्रोत एवं जिला पंचायत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के प्रथम उपाध्यक्ष
बड़े भाई विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रकाश ठाकुर
ऋषिदेव चौधरी
लाला यादव
मोनू बहादुर सिंह
आयश सिंह (बोनी)
अमनदीप भाटिया
नवीन साहू

**खबर संक्षेप**

## निधि पढ़ेगी प्रयास विद्यालय में



**अर्जुनी।** पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी की निधि झुलेकर पिता भोलाराम का प्रयास विद्यालय दुर्ग में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। इसके अलावा उसका राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृति के लिए भी चयन हुआ है। उसकी दोहरी सफलता के लिए प्रधान पाठक बंशीलाल यादव, शशिकला कठोलिया, चित्ररेखा वैष्णव, विष्णु शर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे ने बधाई दी है।

## विस अध्यक्ष को भेंट की 21 लाख

**राजनांदगांव।** सरकार तथा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नगर की सुरक्षा हेतु बनाई गई महती त्रिनेत्र योजना में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने भी अपनी भूमिका का निर्वहन किया है। चिकित्सकों का एक दल विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह से भेंट कर उक्त योजना के लिए 21 लाख रुपए का चेक प्रदान किया । उक्त अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे व एसपी मोहित गर्ग भी उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ .रमन सिंह से सोमवार को आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रंगारी एवं सचिव डॉ. अनिमेष गांधी के नेतृत्व में दर्जनभर चिकित्सकों ने मुलाकात कर अपनी मंशा से अवगत कराया।

कलेक्टर डॉ. भूरे तथा एसपी गर्ग की विशेष चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को 21 लाख रुपए का चेक उक्त योजना में सहभागिता हेतु प्रदान किया। इस दौरान डॉ. दीक्षित, डॉ. मोहन पारख, डॉ. दिवाकर, डॉ. नरेंद्र गांधी, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. सतीश वासनिक, डॉ. नरेंद्र कटियारा, डॉ. विक्रम बग्गा, डॉ. योगेश सोनी, डॉ. बीसी जैन, डॉ. कुमरे तथा डॉ. एचएल मोतीरमानी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

### पीड़ितों ने नपं अध्यक्ष के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन

# बाढ़ पीड़ित किसानों ने मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

शिवनाथ नदी में आई बाढ़ से प्रभावित नगर के कृषकों एवं अतिवृष्टि से प्रभावित नागरिकों को मुआवजा देने की मांग को लेकर सोमवार को आपदा पीड़ितों ने ने मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी इस बात से बेहद नाराज थे कि उन्हें पिछले वर्ष का मुआवजा भी नहीं मिला है। इधर इस वर्ष उन्हें दूसरी बार प्राकृतिक आपदा से हजारों रुपए की आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

एक पखवाड़े पूर्व शिवनाथ नदी में आई बाढ़ से नदी किनारे खेती-बाड़ी एवं सब्जी-भाजी उगाने वाले सैकडों किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा था। बाढ़ के दायरे में आने से सैकडों किसानों की धान का थरहा एवं सब्जी भाजी का फसल पानी में बह गया था। बाढ़ में वार्ड 12, 13, 14 में असंख्य नागरिकों के मकानों में कमर तक पानी भर गया था। प्रभावित लोगों को प्रशासन ने मकान खाली कराकर अस्थाई रूप से नगर पंचायत के मंगल भवन एवं टाउन हाल में ठहराया था। आपदा से प्रभावित नागरिकों ने आज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते मुआवजा की मांग की।

नपं अध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित एवं अतिवृष्टि से प्रभावित नागरिकों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की। राजस्व कार्यालय के सामने मुआवजे की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन में नागरिकों ने शासन-प्रशासन से पखवाड़ेभर के अंदर मुआवजा देने की मांग रखी अन्यथा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

धरना प्रदर्शन में पार्षद विनोद डेहरिया, पार्षद उमा शंकर निषाद, पिन्टू तिवारी, बाबू दूबे, शिवम बाजपेयी, रिनी पारेटी, पूर्व पार्षद उर्मिला पटेल, शंकर निषाद, प्रमोद ठलाल, रजिया बेगम, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, पन्ना कुंजाम, भानबाई पटेल, मयाराम कौशिक, अतीक कुरैशी, ओंकार बारसागढ़े सहित बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ित एवं अतिवृष्टि प्रभावित नागरिकजन उपस्थित थे।



### पिछले वर्ष का भी नहीं मिला मुआवजा

नपं अध्यक्ष श्री मानिकपुरी ने बताया कि शिवनाथ नदी में पिछले वर्ष भी बाढ़ आया था। नदी किनारे निवास करने वाले सौ से भी अधिक नागरिकों के मकानों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया था। जिससे उनके दिनचर्या एवं घर गृहस्थी के सामना पानी में डूबकर खराब हो गए थे। सैकड़ों किसानों की फसल तबाह हो गई थी और उन्हें हजारों रुपए की क्षति का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्हें पिछले वर्ष का मुआवजा नहीं मिल पाया है। इधर दूसरे साल फिर बाढ़ व अतिवृष्टि से आई आपदा का सामना करना पड़ रहा है। नपं अध्यक्ष ने शासन-प्रशासन से बाढ़ पीड़ितों के मामलों में सहानुभूतिपूर्वक विचार करते राहत राशि प्रदान करने की मांग की है।

### कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के बाद नपं अध्यक्ष श्री मानिकपुरी की अगुवाई में कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नपं अध्यक्ष एवं पीड़ितों ने शासन एवं जिला प्रशासन से पखवाड़ेभर के अंदर सर्वे कराकर पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की है।

# हफ्तेभर चला अभियान बदमाशों पर कसी नकेल

**खैरागढ़।** पुलिस ने प्रभावी रूप से अभियान चलाकर शराब गांजा एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी प्रभावी रूप से कार्रवाई की गई।

जिले में पुलिस ने 14 से 20 जुलाई तक विभिन्न मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसके तहत 36(च)(1) के 6 प्रकरण, 36(सी) के 20 प्रकरण, 34(1)(ब) के 06 प्रकरण, 34 (2) के 2 प्रकरण में कुल 31 लीटर शराब, इस प्रकार आबकारी एक्ट के तहत कुल 35 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है।गांजा बेचने की सूचना पर एनडीपीए एक्ट के तहत थाना छुईखदान में 1 प्रकरण धारा 20(बी) दर्ज कर कुल 380 ग्राम कीमती 5000 रुपए व आरोपी के पास से 3025 रुपए एवं गांजा बिक्री रकम 850 रुपए जुमला 3875 रुपए बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### जुआरी पकड़े गए

छुईखदान में धारा- 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एक्ट के तहत 1 प्रकरण में 52 पत्ती तास खेलते 6 जुआरियों से 4550 रुपए जब्त किया गया। कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते पाए जाने पर 12 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर कुल 2400 रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

इसी तरह प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में धारा 170/126, 135(3) के तहत 8 प्रकरण में 10 व्यक्तियों पर कार्रवाई और धारा 126, 135(3) के तहत 27 प्रकरण में 47 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई।

### आपरेशन मुस्कान

जिलेभर में 1 से 20 जुलाई तक 7 बालिकाओं को खोजकर उनके परिजनों को सौंपा गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 211 प्रकरणों माल वाहनों में यात्री परिवहन के 1 प्रकरण सहित कुल 63300 रुपए का समन शुल्क वसूला गया एवं लाईसेंस निलंबन हेतु 1 प्रकरण न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस ने कहा कि कार्रवाही आगे भी जारी रहेगी।

# हरेली पर्व पर में होगा सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

हरेली के अवसर पर नगर पंचायत द्वारा परंपरानुसार सावन उत्सव का आयोजन किया गया है। प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस उत्सव में हमेशा की तरह महिलाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे।

- होंगे महिलाओं से जुड़े खेलकूद स्पर्धाएं

नगर पंचायत के सभागृह में सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर के 45 महिला स्वंय सहायता के पदाधिकारियों की बैठक कर उन्हें हरेली में आयोजित किए जाने वाले सावन उत्सव की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष ने महिला समूह के पदाधिकारियों से चर्चा करते सावन उत्सव कार्यक्रम एवं महिला खेलकूद आयोजन की चर्चा की। नगर अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में हरेली पर्व के अवसर पर सावन उत्सव की शुरूआत की थी। इस परिपाटी व परंपरा को हमें बनाए रखना है।

नगर अध्यक्ष ने कहा कि उत्सव हमेशा की तरह नगर के ट्रायबल कालोनी स्थित पिछला ग्राउंड में हरेली पर्व को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक आयोजित है। इस दौरान महिला खेलकूद कबड्डी, कुर्सी दौड़, मटका फोड, फुगडी, गेड़ी दौड़, चम्मच दौड़, रस्सा खींच इत्यादि खेलकूद स्पर्धा आयोजित किए जाएंगे। नगर अध्यक्ष ने कार्यक्रम में नगर के सभी माताओं-बहनों को शामिल होने की अपील की है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने नगर में चलाए जा रहे विभिन्न अभियान तथा यूजर चार्ज की जानकारी देते मुहिम को सफल बनाने सहयोग का आह्वान किया। बैठक में पार्षद उमा निषाद, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, रीनू सारथी, नेहा निषाद एवं समूह के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# विस अध्यक्ष के हाथों श्रीराम रसोई की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सावन सोमवार के अवसर पर शहर के गंज चौक में श्रीराम रसोई का शुभारंभ किया गया। इस शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, रमेश पटेल, दिनेश गांधी आयोजन में शामिल हुए।

कामकाजी व मजदूर वर्ग और सभी के लिए 20 रुपए थाली में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने दुर्ग जिले की श्रीराधा कृष्ण मंदिर समिति और सिद्धपीठ बालाजी हनुमान मंदिर समिति द्वारा श्रीराम रसोई का संचालन शहर में तीन जगह पर किया जा रहा है। वहीं आज गंज चौक में भी श्रीराम रसोई का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने लोगों को संबोधित करते संस्था की सराहना की। शहर के गंज चौक में श्री बालाजी मंदिर समिति के सहयोग से यहां श्रीराम रसोई की शुरूआत की गई है।




### प्रतिदिन 3000 लोगों का भोजन

श्रीराधा कृष्ण मंदिर समिति के संयोजक एवं संरक्षक चतुर्भुज राठी ने बताया कि राजनांदगांव और दुर्ग क्षेत्र के 17 जगह पर श्रीराम रसोई का संचालन हो रहा है, जहां 20 रुपए में भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन लगभग 3000 लोगों का भोजन बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव शहर में यहां चौथा स्थान है, जहां श्रीराम रसोई का शुभारंभ हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के समीप भी श्रीराम रसोई का शुभारंभ किया जाएगा। हर वर्ग के लोगों को कम पैसे में गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले, इस उद्देश्य से इसे शुरू किया गया है ।

### गुणवत्ता की सराहना

श्रीराम रसोई शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खाना परोसा। इस दौरान उन्होंने कहा कि 20 रुपए में भरपेट भोजन दिया जा रहा है। जिसमें चावल, रोटी, सब्जी, दाल और एक मीठा भी है। उन्होंने कहा कि यह मजदूर वर्ग के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि मैंने खुद खाकर देखा है पौष्टिक के साथ काफी स्वादिष्ट भोजन है। श्रीराम रसोई के शुभारंभ अवसर पर अजीत जैन, नंदू भूतड़ा, बिसन अग्रवाल, दामू भूतड़ा, मनीष खंडेलवाल, संतोष हुंका, पार्षद जैनम बैद, रानू जैन, बालाजी मंदिर समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाडले नेता
एवं जिला पंचायत के प्रथम उपाध्यक्ष
मान. विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
22 July
विनीत : समस्त कार्यकर्ता खैरागढ़ विधानसभा


॥ जीवेत शरदः शतम् ॥
खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाडले नेता
एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष बड़े भैय्या
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनायें
जीवन देवांगन
अध्यक्ष, जिला भाजपा किसान मोर्चा जिला के सी जी
भुनेश्वरी देवांगन
सभापति जिला पंचायत के.सी.जी.
विनीत : जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10 ठेलकाडीह, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई


युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के प्रथम उपाध्यक्ष
भाई विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
22 July
मान. विक्रांत सिंह जी
प्रथम उपाध्यक्ष
जिला पंचायत खैरागढ़ छुईखदान गंडई
तरूण सिंह
शिवादित्य सिंह
अतुल चोपड़ा


खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाडले नेता एवं
जिला पंचायत केसीजी के प्रथम उपाध्यक्ष
माननीय
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
डॉ. बिशेसर साहू
अध्यक्ष जिला भाजपा
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
घम्मन साहू
पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
मान. संतोष पांडेय
सांसद राजनांदगांव
22 July
HAPPY BIRTHDAY
श्रीमती गिरजा चन्द्राकर
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैरागढ़
विनीत - भाजपा पार्षद दल, नगर पालिका परिषद, खैरागढ़ जिला-के.सी.जी.


जीवेत शरदः शतम्
हर राह आसान हो, हर राह पर खुशियां हो,
हर दिन खूबसूरत हो। ऐसा ही पूरा जीवन हो,
यही हर दिन हमारी दुआ हो
ऐसा ही आपका हर जन्मदिन हो।।
मा. सचिन बघेल जी
अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्दीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव
जिला पंचायत खैरागढ़ छुईखदान गंडई के प्रथम उपाध्यक्ष
बड़े भाई
मान. विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
22 July
हरप्रसाद वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति अतरिया
नारायण दास
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति टोलागांव
जितेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मड़ौदा
राजकुमार वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति कामठा
लाला राम वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रगरा
लाल राजेन्द्र सिंह
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति बढ़ईटोला
कोमल वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सलोनी
नरेश कुर्रे
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति भोरमपुर कला
फिरन वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति जालबांधा
रामकुमार जोशी
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति डोकराभाठा
पूरन वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति उदयपुर
कृष्णा वर्मा
अध्यक्ष, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति अमलीपारा


जीवेत शरदः शतम्
खैरागढ़ विधानसभा का विकास, विक्रांत भैया के साथ... युवा नेतृत्व,
मिलनसार व्यक्तित्व एवं केसीजी जिला पंचायत के प्रथम उपाध्यक्ष
माननीय
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
22
July
मान. विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
संजय जैन
समाजसेवी छुईखदान
अनुभा जैन
पार्षद वार्ड नं. 8,
नगर पंचायत छुईखदान


जिला पंचायत उपाध्यक्ष माननीय
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
22 July
मान. विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
संदीप वैष्णव
सरपंच, ग्राम पंचायत गोपालपुर
रितु खेमचंद साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत सिलपट्टी
समीना खान
सचिव
पिंगला जंघेल
रोजगार सहायक
समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत गोपालपुर
विनीत : ग्राम पंचायत गोपालपुर, विकासखंड छुईखदान

### उपमुख्यमंत्री ने खुंटू, जमुनिया, सांरगपुर, डबराभाट, बिजई और तालपुर के ग्रामीणों से किया संवाद

# अटल डीजिटल सुविधा केंद्र से महिलाओं, बुजुर्गों व दिव्यांगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कवर्धा विधानसभा के ग्राम खुंटू, जमुनिया, सांरगपुर, डबराभाट का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। गांवों में पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने परंपरागत तरीके से फूल-मालाओं और नारियल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद ग्राम बिजई और तालपुर के कार्यक्रम में शामिल हुए। वही उपमुख्यमंत्री ने जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं।

उन्होंने सभी मुद्दों के त्वरित निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर नागरिक की सुविधा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही कई समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जनसंपर्क कार्यक्रम में श्री शर्मा ने विष्णुदेव साय सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं के हित में कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना के तहत 01 हजार रूपए की राशि महिलाओं के खाते में हस्तांतरित की जा रही है। महतारी वंदन योजना की राशि को निकालने के लिए माताओं-बहनों को अब शहरों तक नहीं जाना पड़ रहा है। शहर जाने से जहां समय और धन दोनों की बर्बादी होती है, वहीं कई बार महिलाओं को अतिरिक्त परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। आज इन डिजिटल केंद्रों के माध्यम से उन्हें अपने ही गांव में पैसे निकालने सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं मिलने लगी है। उन्होंने बताया कि जिले में 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित हो रहे हैं।

जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया है। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र में महिलाओं सहित बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को भी पेंशन की राशि अपने पंचायत में ही मिल रही है। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक भी लिया और कहा कि पारदर्शी प्रशासन और त्वरित सेवा सरकार की प्राथमिकता है। श्री शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने सुझाव सरकार तक पहुंचाएं, जिससे नीतियों को और बेहतर बनाया जा सके। जनसंपर्क के दौरान गांवों में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई और उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों की हर समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, विजय पाटिल सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित थे।

## 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित



श्री शर्मा ने बताया कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के जरिए न केवल योजना की राशि का भुगतान, बल्कि बैंकिंग सेवाएं, दस्तावेज प्रिंट, ऑनलाइन आवेदन और अन्य डिजिटल सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि जिले की 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित हो रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में सभी पंचायतों को इस सुविधा से जोड़ा जाए, ताकि हर महिला और परिवार बिना किसी बाधा के सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सके और गांवों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार हो सके।

# बांझीमौहा में पानी टंकी बनी दिखावा घरों तक नहीं पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

- हितग्राही को नहीं मिल रहा है जल जीवन मिशन का लाभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द के आश्रित ग्राम बांझीमौहा गांव की बसावट है जहाँ विशाल पानी टंकी का निर्माण कराया गया जो जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनकर तैयार हो चुका है लेकिन अभी तक हितग्राहियों के घर तक बने नल कनेक्शन में पानी नहीं आ रहा है जिनके कारण से ग्राम वासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी तरफ हैंडपंप भी बंद पड़ा हुआ है, जानकारी के अनुसार यहां की जनसंख्या लगभग 1000 से अधिक है लेकिन ग्राम वासियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है यदि हितग्राहियों को पेयजल उपलब्ध करा दिया जाए तो ग्राम वासियों को घरो घर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन मीठा जल का लाभ मिल सकता है इस योजना से ग्रामीणों को कोसो दूर वंचित होना पड़ रहा है।

## समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि कोलेगांव।** समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ जिला अध्यक्ष सोनी वर्मा एवं तहसील अध्यक्ष सुभाष कुमार चंद्राकर के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर कुंडा तहसीलदार को विज्ञापन दिया किसानो के विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण की मांग करता है वही सभी सोसायटी केन्द्रो में पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था किया जाये, केंद्र सरकार द्वारा पिछले वर्ष बढ़ाए गए धान के समर्थन मूल्य 117 रुपए को किसान के खाते में भुगतान किया जाये। सत्र 2022-23 के धान खरीदी भुगतान की चौथ किस्त की बकाया राशि किसानों के खाता में तत्काल डाला जाए। धान फसल को ध्यान में रखते हुए सिंचाई कृषि कार्य के लिए 24 घंटा बिजली दिया जाए व घरेलू बिजली बिल में जो प्रति यूनिट राशि बढ़ाया गया है, उसके सामान्य स्थिति में वापिस किया जाये। गन्ना खेती में अधिक खर्च आ रहा जैसे लेबर कॉस्ट ट्रांसपोर्टिंग, खाद् बीज पानी आदि को ध्यान में रखते हुए गन्ना किसान को 100 बोनस रुपया प्रोत्साहन राशि दिया जाए। गन्ना बोनस एवं रिकवरी राशि एक मुश्त में गन्ना किसानों को दिया जाए, किसानो के विभिन्न समस्याओ को ध्यान में रखते हुए उचित कार्यवाही की मांग करता है अन्यथा समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ उग्र आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। वही ज्ञापनकर्ता को पत्र के माध्यम से कार्यवाही की सूचना प्रदान करे जिसमें संघ के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष सोनी वर्मा तहसील अध्यक्ष सुभाष कुमार चंद्राकर शिवकुमार चंद्राकर सोनू चंद्राकर, कमोड चंद्रवंशी, राजकुमार चंद्राकर, मोहन चंद्राकर, लवलेश चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, सोनू यादव, नीलू साहू, राजा रामचंद्र चंद्राकर, मुकेश साहू, नंदराम साहू, नीतीश चंद्राकर सहित सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सांसद लोकसभा के मानसून सत्र में शामिल होने दिल्ली रवाना



कवर्धा। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय लोकसभा के मानसून सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। यह सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक आयोजित होगा। इस दौरान सांसद पांडेय लोकसभा सत्र में उपस्थित रहकर क्षेत्र के जनहित के मुद्दे उठायेंगे। इस बीच अवकाश के दिन सांसद पांडेय लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। सांसद पांडेय इससे पहले भी क्षेत्र के कई बड़े व महत्वपूर्ण मुद्दों को लोकसभा में प्रमुखता व मुखरता के साथ उठा चुके हैं।

# राम्हेपुर कला से चंदनपुर आने जाने वालों को पड़ रहा महंगा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत राम्हेपुर कला से चंदनपुर जाने वाली सड़क को गर्मी के समय मे ठेकेदार द्वारा पीएम सड़क का निर्माण कराया गया। अब बरसात के समय में सड़क के डामर उखड़ कर गड्ढे-गड्ढे होने लगी है इस सड़क पर राहगीरो को सफर करने में परेशानी होने लगी है जानकारी के मुताबिक 3 किलोमीटर की दूरी गर्मी के समय में सड़क का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया था। अब वर्तमान में बारिश के चलते सड़क भषक रहे हैं और जगह-जगह गड्ढे होने लगे हैं और गड्ढे में जल भराव हो गए हैं जिनके कारण आने-जाने वाले लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है, यदि ठेकेदार गुणवत्ता पर ध्यान देकर डामरीकरण किया होता तो यह नौबत नहीं आता अब बरसात के समय में ठेकेदार की गुणवत्ता की पोल खोल दी गई है अब ठेकेदार को गड्ढे-गड्ढे को रिपेयरिंग करने की जरूरत है ताकि आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके और वही दूसरे तरफ सड़क की शोल्डर की सफाई भी नहीं किया गया है जबकि बरसात में खरपतवार और कांटेदार पेड़ उग आते हैं जिनके कारण से राहगीरो को खतरा बन जाता है पीएम सड़क की रिपेयरिंग के लिए शासन-प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है ताकि ग्रामीण लोगों को आने-जाने की बुनियादि सुविधा मिल सके।

# कलेक्टर ने किया रानी दहरा जलप्रपात का निरीक्षण पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सोमवार को सुबह कबीरधाम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रानी दहरा जलप्रपात का दौरा किया और हाल ही में हुई दुर्घटना के मद्देनजर स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इधर उपमुख्यंत्री विजय शर्मा ने भी घटना की जानकारी ली और सुरक्षा उपायों को कड़ाई से पालन कराने के लिए निर्देशित किया। गौरतलब है कि रानी दहरा जलप्रपात में मुंगेली जिला के सृजन पाठक के बहाने से मृतक के शव मिलने पर कलेक्टर श्री वर्मा ने इस घटना की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से पर्यटन स्थल में 24 घंटे निगरानी के लिए वन विभाग और नगर सेनानी के दो-दो जवानों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जलप्रपात क्षेत्र के खतरनाक स्थानों को चिन्हांकित कर चेतावनी बोर्ड, जागरूकता स्लोगन, और बैरिकेडिंग की मरम्मत के आदेश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। पर्यटन स्थल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आगंतुक का नाम और पता रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। संध्या 5 बजे के बाद किसी भी पर्यटक को प्रवेश न देने और 5:30 बजे तक सभी आगंतुकों की वापसी सुनिश्चित करने को कहा गया है। गहरे जल क्षेत्र में नहाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, खतरनाक स्थानों पर सेल्फी न लेने, तथा केवल चिन्हित सुरक्षित स्थानों से ही फोटोग्राफी की अनुमति देने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यटन क्षेत्र में पर्यावरण एवं जैवविविधता को बनाए रखने के लिए खाना पकाने हेतु अनियंत्रित आग पर रोक, प्लास्टिक के कप, प्लेट, चम्मच आदि के उपयोग पर प्रतिबंध, और चट्टानों या पेड़ों पर जनहानि रोकने हेतु सुरक्षात्मक संदेश अंकित कराने के निर्देश भी दिए गए। जलप्रपात क्षेत्र में मदिरा या नशीली पदार्थों का सेवन पूरी तरह निषेध रहेगा। ऐसे मामलों में पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ व भाई से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि कवर्धा।** तरेगांव जंगल पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति सजगता दिखाते हुए गंभीर अपराध में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वही 19 जुलाई को प्रार्थिया ने तरेगांव जंगल, अपने भाई के साथ बुआ के घर बसनी से लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में दो युवक अनुज धुर्वे पिता कमलसिंह धुर्वे आयु 20 वर्ष एवं राधेलाल झारिया पिता द्वारका झारिया आयु 24 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सुनहेरा, थाना मवई, जिला मंडला मध्यप्रदेश से पीछा करते हुए बनगौरा के जंगल में आम रास्ते पर पहुंचे। वही आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता और उसके भाई को रास्ते में रोका, गंदी-गंदी गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और पीड़िता के भाई के साथ हाथ-मुक्के से मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता से बेइज्जती करने की नीयत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। पीड़िता द्वारा अपने भाई के साथ थाना तरेगांव जंगल में इस घटना की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 17/2025 धारा 74, 296, 351(3), 78, 126(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 08 पोक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर त्वरित विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण में दोनों आरोपियों को 21 जुलाई 2025 को 12.35 बजे विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। तत्पश्चात दोनों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय प्रथम श्रेणी कवर्धा प्रस्तुत किया गया। यह कार्यवाही कबीरधाम पुलिस की सक्रियता, संवेदनशीलता एवं कानून-व्यवस्था के प्रति समर्पण को दर्शाती है। महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग पूरी गंभीरता के साथ सतत कार्यरत है।

# कलेक्टर की अपील, सेल्फी के लिए अपनी जान जोखिम में न डाले

- बरसात में सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने वर्षा ऋतु के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनजागरूकता की अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलप्रपात, नदी-नालों और पुल-पुलियों में जल का बहाव अत्यधिक तेज हो सकता है, जिससे दुर्घटनाएं होने की आशंका रहती है।

ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं की सुरक्षा के प्रति सतर्क और जागरूक रहना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि कई बार लोग रोमांच या सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की उत्सुकता में खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी लेने का प्रयास करते हैं, जो जानलेवा साबित हो सकता है। कृपया जान जोखिम में डालकर सेल्फी न लें। यह एक पल का रोमांच, जीवनभर का पछतावा बन सकता है। उन्होंने सेल्फी प्रेमियों से अपील की कि केवल प्रशासन द्वारा चिन्हांकित सुरक्षित स्थलों से ही फोटो या वीडियो लें।

### नदी नालों में तेज बाहाव के समय प्रवेश करने से बचे

जलप्रपात, नदियों व नालों में तेज बहाव के समय प्रवेश से बचें। खतरनाक स्थानों पर सेल्फी लेना पूरी तरह से वर्जित है। सुरक्षित स्थानों का ही उपयोग करें। पुल-पुलियों या सड़कों पर बहते पानी को पार करने का प्रयास न करें। बच्चों को जल स्रोतों के पास अकेले न भेजें। पर्यटक निर्देशों व चेतावनी बोर्ड का पालन अवश्य करें। भारी बारिश में पर्वतीय, जलप्रपात वाले क्षेत्रों की यात्रा से बचें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन या बचाव दल को सूचित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है, लेकिन जनसहयोग के बिना सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी नहीं हो सकती। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह प्राकृतिक स्थलों पर सावधानी बरते, जोखिम से बचे और अपने व अपनों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने पर्यटन प्रेमियों से जन जोखिम मे डालने से पहले सुरक्षा के सभी पहलु को देखते हुए ही नदीं नालों को पार करने की अपील की।

# स्कूल मैदान में हल्की बारिश होने पर भर जाता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी की हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल एक ही जगह लगता है लेकिन आज मैदान की बात की जाए तो हल्का बारिश होने पर पानी मैदान पर तालाब की तरह भर जाते हैं जिससे छात्र-छात्राओं भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं सामने पूरे पानी भर जाने के कारण मच्छर पनक रहा है, क्योंकि सूखने में समय लगता है और पानी ऐसी गिरते रहने से किचड़ से लथफथ पूरा मैदान बरसात तक ऐसी रहता है एवं छात्र-छात्राओं को भी आने-जाने में मेन मार्ग में पानी भरने के कारण परेशानी होता है इसलिए शासन-प्रशासन को छात्र-छात्राओं के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सज्ञान में लिया जाए और शासकीय हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल के मैदान पर मुरूम डालकर बराबर किया जाए ताकि छात्र-छात्राओं को खेल कूद एवं आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी ना रहे एवं संपूर्ण स्वच्छता अभियान बने रहे।

### पूर्व माध्यमिक शाला भागुटोला के बच्चों को अधिकार सुरक्षा संरक्षण की जानकारी दी

# चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम चला रही जनजागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के तहत जिले में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में वही जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी और जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में यह अभियान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भागुटोला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के महत्व और उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि 1098 एक राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा है, जो 24 घंटे निःशुल्क सहायता प्रदान करती है। यह सेवा उन बच्चों के लिए है जिन्हें देखभाल, सुरक्षा और संरक्षण की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति ऐसे बच्चों के लिए, जो अनाथ, बेसहारा, लावारिस, गुमशुदा, बाल श्रमिक, बाल विवाह के शिकार या सड़क जैसी जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में हों 1098 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

इसके साथ ही मादक द्रव्यों के सेवन के विरुद्ध भी एक सशक्त जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को नशे की गिरफ्त से बचाना और समाज को सतर्क करना है। विशेष रूप से भिक्षावृत्ति, अपशिष्ट संग्रहण, और बाल श्रम जैसी समस्याओं पर रोकथाम के लिए यह अभियान उपयोगी सिद्ध हो रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा यह जनजागरूकता अभियान जिले के विभिन्न स्कूलों, ग्रामों और समुदायों में संचालित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक बच्चों और अभिभावकों को इस सेवा की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक महेश कुमार निर्मलकर, रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव, विद्यालय के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। यह अभियान न केवल बच्चों के अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि समाज में बाल संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक चेतना भी उत्पन्न कर रहा है।

## सब्जी पर महंगाई ...



**हरिभूमि कोलेगांव।** आजकल बाजार में सब्जी की रेट सुनकर हैरान लगता है 50 रुपए पाव मिर्ची का भाव मार्केट में सुनकर ग्राहकों का बिना खाए मिर्ची का असर आंखों से आंसू आ रहा है इस तरह सब्जी की बात की जाए तो भिंडी,आलू, टमाटर जैसे 40 रूपये किलो से काम नहीं है सब्जी लेना भारी महंगा पड़ रहा है।

खबर संक्षेप

## बारिश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन अलर्ट

**कवर्धा।** बरसात के मौसम को देखते हुए खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता पर अक्सर संदेह बना रहता है। राज्य शासन एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन व कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं एसडीएम कवर्धा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार में जिले में अवमानक मिठाई व खाद्य पदार्थ बिकने की संभावना को देखते हुए जितेन्द्र कुमार नेले वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, एवं मुकेश कुमार साहू खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कवर्धा, पांडातराई, पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा एवं कुंडा के मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया।

# हाथ में कांवड़, प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि के लिए भावना बोहरा ने शुरू की कांवड़ यात्रा

## कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा / पंडरिया

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सावन माह के द्वितीय सोमवार को मां नर्मदा मंदिर, अमरकंटक में मां नर्मदा और नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की और अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। इसके पूर्व रविवार को भावना बोहरा ने मेला मैदान, नया नगर पालिका परिसर, अमरकंटक में कांवड़ यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें भोजन परोसकर उनकी सेवा की और भजन संध्या में शामिल हुईं। इस दौरान लगभग 3000 से अधिक संख्या में कबीरधाम जिला से पधारे कांवड़ यात्रियों और पंडरिया विधानसभा एवं जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं भक्तजनों ने उत्साह के साथ भजन संध्या में शामिल हुए और हर हर महादेव के नाम से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। 21 जुलाई सोमवार को भावना बोहरा के साथ लगभग 1000 से अधिक कबीरधाम जिला से पधारे कांवड़ यात्रियों, पंडरिया विधानसभा से आए भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं ने नर्मदा मंदिर में पूजा-अर्चना की और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान 300 से अधिक कांवड़ यात्री भावना बोहरा के साथ उनकी इस यात्रा में सहभागी बनें हैं। सभी ने बड़े ही उत्साह और उर्जा के साथ बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ यात्रा की शुरुआत करते हुए जंगलों के रास्ते छत्तीसगढ़ वासियों एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के संकल्प के साथ यात्रा के लिए प्रस्थान किया।

### 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर पहुंचेगी कांवड़ यात्रा



जानकारी के मुताबिक यात्रा के प्रथम दिवस नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से लम्हनी तक यात्रा तय की जाएगी और मंगलवार को पुनः यात्रा आगे बढ़ेगी। 21 जुलाई से प्रारंभ यह यात्रा 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर पहुंचेगी और भावना बोहरा एवं उनके साथ इस यात्रा से जुड़े सभी कांवड़ यात्री एवं भक्तजन डोंगरिया महादेव और भोरमदेव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों और हमारे प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मेरी इस संकल्प यात्रा में सहभागी बनें सभी कांवड़ यात्रियों, भक्तजनों और कबीरधाम जिला एवं पंडरिया विधानसभा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मैं आभार व्यक्त करती हूँ। इस यात्रा में शामिल सभी का उत्साह एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और विश्वास एक नई ऊर्जा देने वाला है। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। हमने जो संकल्प किया है उसकी पूर्ति हेतु भगवान भोलेनाथ एवं मां नर्मदा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हमारी यह यात्रा आज प्रारंभ हुई है और आज यात्रा के प्रथम दिन नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से लम्हनी तक यात्रा की जाएगी और मंगलवार को यात्रा के दूसरे दिन हम सभी पुनः उसी उत्साह और ऊर्जा के साथ भोरमदेव मंदिर की ओर आगे बढ़गे।

### मां नर्मदा और भोलेनाथ बाबा के प्रति कृतज्ञता का एक विनम्र प्रयास

कांवड़ यात्रा को लेकर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो, हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो इसी कामना के साथ और हमारी आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति, हमारी धार्मिक आस्था, परंपरा एवं रीति-रिवाजों से अवगत कराना हमारा उद्देश्य है। यह यात्रा मेरे लिए मां नर्मदा और भोलेनाथ बाबा के प्रति कृतज्ञता का एक विनम्र प्रयास है और आज उनकी ही कृपा से हमारी यह पुण्य यात्रा शुरू हुई है। इस पदयात्रा के माध्यम से मैं पंडरिया विधानसभा और पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना करती हूँ। मुझे विश्वास है कि आपके साथ और भोलेनाथ के आशीर्वाद से यह यात्रा निश्चित ही सफल होगी। विगत वर्षों में आप सभी ने मुझ पर जो विश्वास जताया व अपना आशीर्वाद प्रदान किया है वह मेरा सौभाग्य है एक जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र का विकास और जनता की सेवा मेरा परम कर्तव्य है। अपने इसी कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मैंने जो संकल्प किये हैं उन्हें पूरा करने हेतु मैं निरंतर प्रयासरत हूँ औरआगे भी पूरी निष्ठा से प्रयास करती रहूंगी।

**धरना प्रदर्शन:** आखिर पंडरिया शक्कर कारखाना क्यों बना भ्रष्टाचार का गढ़ और राजनीति का अखाड़ा

# पंडरिया कारखाना की साख का सरेआम चीरहरण, जिम्मेदार गांधारी की भूमिका में

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भ्रष्टाचार का गढ़ और राजनीति का अखाड़ा बन चुके जिले के पंडरिया विधानसभा में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना इन दिनो जमकर सुर्खियां बटोर रहा है। स्थिति ये है कि कोई पंडरिया शक्कर कारखाना प्रशासन पर करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर तो कोई कारखाना में वर्षो से कार्यरत किसान परिवारों के मजदूरों की बेवजह रोजी रोटी छीनने का तो कोई कारखाना को घाटे में और गर्त में झोंकने का आरोप लगाकर सरेआम कारखाना की साख का चीरहरण कर रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिले सहित प्रदेश व देश में सरेआम नीलाम हो रही क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों सहित मजदूरों, युवाओं की सुख, समृद्धि और रोजी-रोटी के प्रतीक इस कारखाना की साख पर शासन-प्रशासन तथा क्षेत्र के सत्ताधारी व औहदेदार जनप्रतिनिधि गांधारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के पंडरिया विधानसभा में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना सत्ता परिवर्तन के बाद, बीते करीब डेढ़ वर्षो से सुर्खियों में है। विपक्षी दल कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों और किसानो के सबसे बड़े संगठन अखिल भारतीय किसान संघ का आरोप है कि पंडरिया शक्कर कारखाना में करोड़ों का भ्रष्टाचार और गबन हुआ है। जिसके कारण आज इस शक्कर कारखाना की माली हालत इतनी बद से बत्तर हो चुकी है कि कारखाना करीब 300 करोड़ के घाटे में चल रहा है। स्थिति ये है कि बीते पेराई सत्र में 5 जनवरी के बाद कारखाना में गन्ना बेंचने वाले किसानो को करीब 19 करोड़ का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है वहीं गन्ना उत्पादक किसानो की करीब 14 करोड़ 85 लाख रूपए की रिकवरी राशि का भुगतान भी लंबित हैं। गौरतलब है कि हाल ही में इसी आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए कारखाना प्रशासन ने करीब सौ कर्मचारियों को कारखाना से निकाल दिया है। कारखाना से कर्मचारियों को निकाले जाने के बाद प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने यहां मजदूरों के साथ बड़ा धरना प्रदर्शन और घेराव किया, प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर अर्धनग्न प्रदर्शन भी किया गया और रात कारखाना परिसर में ही गुजारी, दूसरी तरफ किसानो के झंडा बरदार बने भारतीय किसान संघ ने पंडरिया सरकार कारखाना को बचाने के लिए ऑपरेशन सरदार चलाने का ऐलान कर रखा है। लेकिन समझ से परे है कि भारतीय किसान संघ के निशाने पर कौन है, कारखाना प्रशासन या फिर सरकार, क्योंकि यह जग जाहिर है कि अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता है। तो क्या संघ का इस तरह का धरना प्रदर्शन, ऑपरेशन भी राजनीति और अपनी नेतागिरी चमकाने का एक हथककंडा मात्र है।

### लोग उठा रहे सवाल सरकार मौन क्यों?



लोगों का सीधा सवाल है कि अगर पंडरिया शक्कर कारखाना में वास्तव में करोड़ों का घोटाला हुआ है और आज इसी भ्रष्टाचार की वजह से कारखाना गर्त में चला गया है तो फिर सरकार इस भ्रष्टाचार की जांच भी किसी केन्द्रीय जांच ऐजेंसी को क्यों नहीं सौंप देती। आखिर क्यों नहीं हजारों किसानो, मजदूरो, कर्मचारियों और परिवारों की रोजी रोटी से जुड़े इस शक्कर कारखाना के व्यवस्थित संचालन की दिशा में शासन द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। आखिर क्यों सरकार कारखाना को भ्रष्टाचार और राजनीति चमकाने का अड्डा बनने दे रही है। निश्चित रूप से यह परिस्थितियां और हालात कारखाना के साथ सरकार की साख पर भी ग्रहण है।

### भारतीय किसान संघ ने पंडरिया शक्कर कारखाना बचाने फिर दिया धरना

जानकारी के मुताबिक रविवार को भी भारतीय किसान संघ ने अपने ऑपरेशन सरदार के तहत परसवारा चौक में कारखाना बचाओ रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया तथा अपनी आधा दर्जन मांगों सें संबंधित एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम स्थानीय प्रशासन को सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से किसानों को एक सप्ताह के भीतर एफआरपी के बकाया गन्ना भुगतान किए जाने तथा 1 महीने के भीतर अतिरिक्त शुगर रिकवरी राशि का भुगतान किए जाने, किसानों को 100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना बोनस दि एजने, कारखाने का वार्षिक सामान्य आम सभा 15 दिनों के अंदर बुलाया जाने, लेबर एजेंटों का कमीशन 5 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत किए जाने, कारखाने के जीएम राकेश राजपूत का ट्रांसफर किए जाने, एमडी को बंधक बनाए जाने के मामले की जांच किए जाने तथा कारखाना के संचालन में आवश्यक सामानों की खरीदी करने वाली समिति में किसानों के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी को शामिल किए जाने की मांग शामिल है।

# भाजपा ने प्रेसवार्ता में किया कांग्रेस पार्टी के झूठ का पर्दाफाश

## कांग्रेस के आर्थिक नाकेबंदी पर उठाए सवाल

- कांग्रेस के प्रस्तावित आर्थिक नाकाबंदी व शराब घोटाले पर गृहमंत्री ने ली प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाले के मामले में ईडी द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी किए जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा 22 जून को घोषित आर्थिक नाकेबंदी के ठीक एक दिन पूर्व प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर कांग्रेस की इस प्रस्तावित आर्थिक नाकेबंदी को जनविरोधी तथा बेवजह का विरोध प्रदर्शन बताया। उन्होने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि ऐसी क्या वजह है? ऐसा क्या आधार है? ऐसा क्या गलत हुआ? कि कांग्रेस आर्थिक नाकेबंदी कर रही है। जबकि वास्तविकता ये है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में करोड़ों रूपए का शराब घोटाला हुआ है, जो जग जाहिर है। जिसकी जांच ईडी को सौंपी गई है, ईडी द्वारा इस मामले की लगातार जांच की जा रही है जिसमें संलिप्त पाए गए कई अधिकारी, और कांग्रेस के पूर्व आबकारी मंत्री की गिरफ्तारी हुई है। मामले की आगे की जांच में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल भी घोटाले में संलिप्त पाए गए तो ईडी ने उनकी भी गिरफ्तारी की है। ऐसे में हमारा सवाल यह है कि क्या भूपेश बघेल चाहते हैं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच ही न हो, दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही न हो। फिर सवाल यह भी उठता है कि इससे पूर्व इसी मामले में कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा की भी गिरफ्तारी हुई है। एक अन्य मामले में कांग्रेस के ही विधायक देवेन्द्र यादव की भी गिरफ्तारी हुई तब भूपेश बघेल ने क्यों आंदोलन नहीं किया। कांग्रेस बताए कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल कांग्रेस के किस पद में है? जिस व्यक्ति का कांग्रेस में कोई पद नहीं उस व्यक्ति के लिए पूरी कांग्रेस प्रदेश में प्रर्दशन कर रही है, इसका साफ मतलब है भूपेश बघेल ने पूरी कांग्रेस को पुत्र मोह में झोंक दिया है और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए पूरे प्रदेश की जनता को परेशान कर अब उनका आर्थिक रूप से नुकसान भी करने जा रहे है जो की प्रदेश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। एक सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल की ही सरकार में कोल ब्लाक आबंटन घोटाला, सीजीपीएससी घोटाला सामने आया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने इन सभी घोटालों की मूल जड़ को समाप्त कर घोटालों की जांच का जिम्मा जांच ऐजेंसियों को सौंी है जो अपना काम कर रही है और मामलों में दोषी पाए जाने वालों की गिरफ्तारी भी की जा रही है। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि जांच ऐजेंसियों का कोई दुरूपयोग नहीं हो सकता, जहां भष्टाचार हुआ है वहीं जांच और कार्यवाही हो सकती है।



# जिला कांग्रेस की आर्थिक नाकाबंदी, चक्काजाम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा केंद्र व राज्य भाजपा सरकार के दबाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिजनों के ऊपर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में जिला मुख्यालय कवर्धा सहित सभी ब्लाक मुख्यालयों में 22 जून को आर्थिक नाकाबंदी चक्काजाम किए जाने का ऐलान किया है।

कांग्रेस ने जारी बयान में कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कवर्धा जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी ब्लाकों में 22 जून को दोपहर दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 तक चक्काजाम किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, महिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, शहर कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी, किसान कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया है।

इस आयोजन की तैयारियां जिला से लेकर ब्लाक स्तर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा की जा रही है।

# घटना के दूसरे दिन मिला रानीदहरा जलप्रपात से 10 किलो मीटर दूर लापता युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के बोड़ला विकासखण्ड स्थित पर्यटन स्थन रानीदहरा जलप्रपात में बीते रविवार को घूमने आए लापता युवक का शव घटना के दूसरे दिन शनिवार की शाम को खोज लिया गया है। बताया जाता है कि मृतक युवक का शव घटना स्थल रानीदहरा जल प्रपात से करीब 10 किलो मीटर दूर आमानारा के पास मिला है। पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर मर्ग कायम कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। गौरतलब है कि रविवार को बेमेतरा जिले से दो युवक लेखराज सोनवानी और सृजन पाठक रानीदहरा जलप्रपात घूमने के लिए आए थे और वे मोटर सायकल से वापस लौट रहे थे। लेकिन लौटने के दौरान नाले में अचानक आई बाढ़ में दोनो युवक बह गए। जिनमें से एक युवक लेखराम को आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण किसानो ने बचा लिया था और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया लेकिन दूसरे युवक सृजन पाठक नाले के तेज बहाव में बह गया। जिसकी तलाश लगातार पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही थी लेकिन रविवार को उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद सोमवार को भी पुलिस प्रशासन द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। इसी दौरान देरशाम पुलिस को घटना स्थल रानीदहरा से करीब 10 किलो मीटर दूर आमानारा के पास सफलता मिली और खोजी दल ने सृजन पाठक आयु 25 वर्ष निवासी बेमेतरा का शव बरामद कर लिया। वैधानिक औपचारिकताओं के बाद पुलिस ने मृतक का शव परिजनो को सौंपा दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि घटना के दूसरे दिन जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा भी मौके पर पहुंचे थे और तलाशी अभियान की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश खोजीदल को दिए थे। जिसके बाद शव खोज लिया गया।

# जिला स्तरीय कौशल तिहार स्पर्धा 23 जुलाई को कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत जिले में कौशल तिहार 2025 का आयोजन 23 जुलाई को सुबह 10 बजे से लाइवलीहुड कॉलेज, महराजपुर, कवर्धा में किया जा रहा है। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में तकनीकी कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना तथा इंडिया स्किल्स 2025 एवं वर्ल्ड स्किल्स 2026 के लिए संभावित प्रतिभाओं की पहचान करना है। प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवा भाग ले सकेंगे। प्रमुख ट्रेड्स में टैक्सी ड्रायवर, असिस्टेंट इलेकक्ट्रिशियन एवं वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन ऑपरेटर शामिल हैं। प्रतियोगिता में हर ट्रेड से तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जुलाई 2025 तक किया जाएगा, जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं मैडल प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागी अपना ऑनलाइन पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं। यह आयोजन युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर न केवल आत्मविश्वास अर्जित करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

पहले घेराबंदी की फिर डंडा व टंगिया से हमला कर हिरण को उतारा मौत के घाट

# हिरण का शिकार करने वाले तीन आरोपियों को वन विभाग ने किया गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई/कुकदुर

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत कुकदूर नेउर के वन क्षेत्र में एक हिरण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में वन विभाग ने तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन्हीं ग्रामीणों ने हिरण का शिकार कर उसे मौत के घाट उतारा था। उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को वन विभाग की टीम ने पंडरिया विकासखंड अंतर्गत कुकदूर नेउर के वन क्षेत्र से ग्रामीणों की सूचना पर एक वन्यप्राणी हिरण का शव बरामद किया था। मृतक हिरण के शव की स्थिति व परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही थी कि हिरण का शिकार किया गया है। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए कई संदिग्धों के ठिकानो में दबिस देकर पूछताछ की। जिसके बाद जांच टीम ने तीन आरोपियों को दबोचने में सफलता हांसिल की है। जिसमें आरोपी चिंताराम परस्ते पिता धिराजी, रोशन मरावी पिता मोहन, सरजू परस्ते पिता जरहु शामिल हैं। बताया जाता है कि वन विभाग की टीम ने छामार कार्यवाही के दौरान आरोपी रोशन के घर से दो कुल्हाड़ी, एक तुतारी, केचुआ की कूबड़, बन्दर की खोपड़ी बरामद की है। वहीं आरोपी चिंताराम परस्ते के घर से तुतारी बरामद की है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया है कि उन्होने हिरण की घेराबंदी कर उसे डंडे तथा टंगिया से मारकर मौत के घाट उतारा है। बहरहाल इस खुलासे के बाद वन विभाग ने तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों को किया प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सावन के पावन महिने में भोलेनाथ के भक्तों की आस्था और श्रद्धा चरम पर है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भोरमदेव थाना के सामने में कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष सेवा कार्य आयोजित किया जा रहा है। सावन के प्रत्येक सोमवार को आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत भोरमदेव थाना क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ यात्रियों और स्थानीय श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया जा रहा है। आज सावन का दूसरा सोमवार था, और इस अवसर पर थाना परिसर के सामने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रसादी का वितरण किया गया। दूसरे सावन की प्रसादी में चना, बूंदी और केला वितरित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। इस



सेवा कार्य में थाना स्टाफ के सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान भोरमदेव कवर्धा एसडीओपी कृष्णा चंद्राकर, थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और पुलिस कर्मियों ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा।श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कदम बताया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सावन माह में शिवभक्तों की सेवा करना एक सौभाग्य है। पुलिस का कर्तव्य न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, बल्कि समाज के प्रति सेवा भाव भी हमारी प्राथमिकता है। यह पहल न सिर्फ श्रद्धालुओं को सुविधा देने का माध्यम है, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देती है। सावन के आगामी सोमवारों को भी इसी तरह से सेवा कार्य जारी रखने की योजना है, जिसमें प्रसादी के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर और अन्य सुविधाएं भी शामिल की जाएंगी।